श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री : क्या आप सदन को इस तरह से चलाना चाहते हैं ?

(*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down. All of you please sit down. The Minister wants to say something. Please allow him to have his say.

(*Interruptions*).

SHRI BHISHMA NARAIN SINGH: Mr. Deputy-Speaker, Sir, this Motion is very important and, therefore, I do not want that there should be two opinions or controversy about it. Since we have got majority discussion on Bearer Bonds could have continued and voting would have taken place. But I do not want it. The issue is important and you can postpone the discussion and take up the Motion on Gujarat.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now the House will take discussion on the Motion on Gujarat. Shri Ram Vilas Paswan. . . . .

16.08 hrs.

MOTION *RE.* SITUATION ARISING OUT OF AGITATION AND DEMONSTRATIONS RE-RESERVATION OF JOBS FOR SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह प्रस्ताव करता हूं : —

> "कि यह सभा गुजरात, राजस्थान, और देश के अन्य भागों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों के लिए नौकरियों के आरक्षण के विरुद्ध आन्दोलन और हिंसात्मक प्रदर्शनों से उत्पन्न स्थिति पर चिन्ता व्यक्त करती है ।"

उपाध्यक्षजी, . . . (व्यवधान)

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री (संदपुर): यह पता लग रहा है कि लोगों को इस से कितनी हमदर्दी है।

एक माननीय सदस्य: हमको बहुत हमदर्दी है।

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री: आपको हम से ज्यादा नहीं होगी।

श्री राम विलास पासवान: माननीय उपाध्यक्ष महोदय, उस दिन काफी चर्चा हुई, मैं चाहूंगा कि आज जो चर्चा हो, उसमें कोई नतीजा निकले और हम लोग शान्तिपूर्ण ढंग से समस्या के समाधान के लिए क्या रास्ता निकाला जा सकता है, इस पर विचार करें। सरकार से भी आग्रह है कि इस विषय को वह गंभीरता से ले और सरकार और गृह मंत्री महोदय द्वारा जो कुछ कहा जाए, वह बड़ी गंभीरता से कहा जाए। यह नहीं होना चाहिए कि 193 के तहत मौका मिल जाए और दूसरे दिन अखबारों में आ जाए कि गृह मंत्री महोदय ने यह कहा और फिर इसके बाद फिर मर्ज बढ़ता ही जाए और हाउस में हंगामा हो कि इस पर फिर डिस्कशन होना चाहिए। इसलिए मैं चाहूंगा कि सरकार बहुत ही गंभीरता से जवाब दे और गंभीरता से इस विषय को ले।

उपाध्यक्ष महोदय, मुझे बहुत दुःख के साथ कहना पड़ता है कि हिन्दुस्तान जब आजाद हुआ, जितने भी माननीय सदस्य यहां पर हैं, उन्हें मालूम है कि उस समय अंग्रेजों द्वारा "डिवाइड एण्ड रूल" की पालिसी चलाई गई थी। उस समय अंग्रेजों द्वार कमजोर वर्गों के दिमाग में यह चीज भर दी गई थी, हरिजन-आदिवासी और दलित वर्गों के लोगों के दिमाग में यह चीज बैठाने की कोशिश की गई थी कि यह देश तुम्हारा नहीं है और अगर तुम इस देश में रहोगे तो तुम्हारे जान-माल की सुरक्षा नहीं रहेगी । इसलिए तुम इस देश से अलग हो जाओ। आपको मालूम है कि उस समय ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हो गई थी कि महात्मा गांधी जी को आमरण अनशन पर जाना पड़ा था और उन्होंने पूरे हिन्दुस्तान की जनता की तरफ से, हिन्दुओं और सवर्णों की तरफ से अछूतों को विश्वास दिलाया था कि तुम्हारे अधिकार सुरक्षित हैं और इस देश में तुम्हें समान अधिकार दिए जाएंगे। हरिजन-आदिवासी, अल्प संख्यकों और कमजोर वर्गों के लोगों को पूरे अधिकार रहेंगे और उपाध्यक्ष महोदय, यही कारण है जो हरिजन-आदिवासी और कमजोर वर्गों के अधिकारों को न सिर्फ कांस्टीट्यूशन में

रखा गया बल्कि इन्हें मौलिक अधिकारों में भी रखा गया । आप मौलिक अधिकारों में कांस्टीट्यूशन की धारा 15(4) में देखिए, जिसमें कहा गया है कि---

Nothing in this article or in clause (2) of article 29 shall prevent the State from making any special provision for the advancement of any socially and educationally backward classes of citizens or for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes.

इतना नहीं, आगे 16(4) में पढ़िए--

Nothing in this Article shall prevent the State from making any provision for the reservation of appointments or posts in favour of any backward class of citizens which, in the opinion of the State is not adequately represented in the services under the State.

छुआछूत की भावना के संबंध में डायरेक्टिव प्रिंसिपल आफ स्टेट पालिसी में ही नहीं बल्कि मौलिक अधिकारों में भी लिखा गया है कि:---

'Untouchability' is abolished and its practice in any form is forbidden. The enforcement of any disability arising out of 'untouchability' shall be an offence punishable in accordance with law.

उपाध्यक्ष महोदय, ये सारी चीजें कांस्टीट्यूशन में कही गई हैं । इसके बाद आप देखिए क्लाज 46 में कहा गया है कि---

The State shall promote with special care the educational and economic interests of the weaker sections of the people, and in particular, of the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes, and shall protect them from social injustice and all forms of exploitation.

16.14 hrs.

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*]

उपाध्यक्ष महोदय, ये सारी चीजें कांस्टीट्यूशन में इसलिए कही गयी थी कि जो करोड़ों लोग सदियों से शोषित रहे, पीड़ित रहे, जिनके साथ अन्याय होता रहा था, उनको विश्वास दिलाया जा सके कि हिन्दुस्तान तुम्हारा है । तुम्हारा भी इस देश पर अधिकार है । अब तुम्हारे साथ अन्याय नहीं किया जा सकेगा और तुम्हारा शोषण नहीं किया जा सकेगा । तुम्हारा उत्पीड़न अब नहीं होगा । हम देख रहे हैं कि आजादी के 32 वर्ष के बाद भी जब हमारा देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है तो यह मामला भी उसके साथ साथ चल रहा है, गुजरात का आन्दोलन भी चल रहा है और हरिजनों, आदिवासियों और कमजोर वर्ग के लोगों के ऊपर न केवल अत्याचार बल्कि घिनौने अत्याचार हो रहे हैं और इस तरह के अत्याचार की मिसाल आपको संसार के किसी अन्य देश में सुनने या देखने को नहीं मिलती है। जो गारंटी संविधान में हम लोगों को दी गई थी क्या देश की राज नेताओं द्वारा उसका इम्प्लीमेंटेशन सही रूप में हो रहा है या फिर हम पुनः पीछे की ओर जा रहे हैं, यह सोचने के लिए हम मजबूर हो जाते हैं। बहुत ही खेद के साथ मुझे कहना पड़ता है कि हमारे यहां महाराष्ट्र के लोग आए हुए हैं, गुजरात के लोग आए हुए हैं और यह कहा जा रहा है कि होली के दिन प्लान बन रहा है और खून की होली खेली जाएगी, हरिजन परिवारों में से एक एक हरिजन को उसी दिन मार दिया जाएगा । इसको आप कल्पना मात्र न समझें । उस दिन भी मैंने गृह मंत्री जी से कहा था और उनके नालेज में मैं इसको लाना चाहता हूं सदन के माध्यम से कि हमारे यहां भी सारी तैयारियां रिजर्वेशन के खिलाफ चल रही हैं। जब इस तरह की बात आजादी के 32 साल के बाद भी देखने और सुनने को मिलती है तो हमें समझ नहीं आता कि हम लोग कहां हैं । गाड़ी में गार्ड होता है जिस के हाथ में हरी और लाल दोनों प्रकार की झंडियां होती हैं और जब वह हरी झंडी दिखाता है तो गाड़ी चल जाती है और जब लाल दिखाता है तो गाड़ी रूक जाती है। उसी तरह से हम लोग भी एक डिब्बे में सवार हैं और हरी और लाल झंडी दिखाई जाती है और कभी गाड़ी रूक जाती है और कभी चलने लग जाती है । यह मंत्री जी से मेरी प्रार्थना है कि इसको वह गंम्भीरता से लें ।

हमारे खिलाफ तर्क दिया जाता है कि इनके पास कार्य क्षमता नहीं है,

[श्री राम विलास पासवान]

ये योग्य नहीं हैं । मुझे बड़े अफसोस के साथ एक बात कहनी पड़ती है । प्रधान मंत्री जी ने उस दिन राज्य सभा में एक जवाब दिया था जिस के सम्बन्ध में हमारे एक साथी ने सवाल उठाया था और गृह मंत्री जी ने सफाई दी थी तब हम लोगों को लग भी रहा था कि प्रधान मंत्री का उस में कोई बुरा इंटेंशन नहीं है और प्रधान मंत्री जी सही रूप में चाहती हैं कि हरिजनों, आदिवासियों और कमजोर वर्ग के लोगों की समस्याओं का समाधान हो । लेकिन प्रधान मंत्री जी ने जो वक्तव्य लायर्ज कान्फ्रेंस में दिया उस का कुछ अंश पढ़ कर आपको सुनाना चाहता हूं । मैं पूछना चाहता हूं कि दोनों चीजों को एक साथ कैसे ले कर चला जा सकता है :

"Mrs. Gandhi today held at the same time that because of this policy, genuine merit should not suffer".

इसके बाद स्टेट्समैन कहता है :

"Mrs. Gandhi's remark made at a meeting of the Congress(I) Parliamentary Party lawyer members was the first indication of a certain change and modification of the Government line held out so far that the policy of reservations is not negotiable."

देश विषम परिस्थिति में से हो कर गुजर रहा है । हम देख रहे हैं कि एक गलती हुई है जिस के कारण यह सारा वितंडावाद चल रहा है । एक बार नैगोशिएशन हुआ है और उस के कारण यह सारा कुछ हो रहा है । रोज अखबारों में दिया जा रहा है कि हम मैरिट का आदर करेंगे, कार्यक्षमता का ध्यान रखेंगे और साथ ही साथ हरिजनों, आदिवासियों का रिजर्वेशन भी जारी रखेंगे । मैं पूछना चाहता हूं कि इस तरह की बात कहने की जरूरत क्यों महसूस होती है ? कहीं ऐसा तो नहीं है कि जो पुराना स्टैंड आपका है उससे आप पीछे तो नहीं जा रहे हैं ? कहीं आन्दोलनकारियों के आगे आप झुक तो नहीं रहे हैं ? कहीं आपके सामने दुविधाग्रस्त स्थिति तो पैदा नहीं होने लगी है ? इसको आप स्पष्ट करें ।

आज भी आप कहते हैं कि अनुसूचित जातियों, जनजातियों, पिछड़े वर्गों और माइनोरिटी के लोग योग्य नहीं हो पाए हैं । मैंने उस दिन भी कहा था कि देश को चलाने का मौका आप हमें दें, फिर आप देखें कि देश चलता है या नहीं ? अगर आप हमें सर्विस में लेते हैं तो कोई उपकार आप हम पर नहीं करते हैं । एक आदमी सरकारी नौकरी में चला जाता है तो कोई करोड़पति नहीं हो जाता है । सरकारी नौकरी में उसको आप इसलिए रखते हैं कि वह भी समझे कि इस देश में मेरा भी हिस्सा है, मेरा भी भाग है । देश में ट्रेन एक्सीडेंट होते हैं तो क्या ये रिजर्वेशन की वजह से होते हैं या डाक्टर से किसी के पेट में कैंची छूट जाती है तो यह रिजर्वेशन वालों की वजह से छूटती है ? आज भी लाखों रुपया ले कर मैडीकल में एडमिशन मिलता है । शैड्यूल्ड कास्ट और ट्राइब्ज कमिशन की रिपोर्ट को आप पढ़ें । बंगलौर में दो दो तीन तीन लाख रुपया ले कर लड़के को मैडीकल में दाखिला दिया जाता है । और वह जा कर के डाक्टर बनता है । तो दो लाख रुपये दे कर मेडिकल में 30 परसेंट वाला भी डाक्टर बन जाये उससे राष्ट्र को खतरा नहीं है । लेकिन हमारा 45 परसेंट मार्क वाला बच्चा डाक्टर बन जाये, हाउस सर्जनशिप भी कर ले, आई० ए० एस० में कम्पीट करके आ जाये और मसूरी में ट्रेनिंग भी ले ले फिर भी वह अक्षम हो जाता है । लेकिन जो लाख लाख रुपये दे कर डाक्टर बनता है

वह मेरिटोरियस हो जाता है। मैंने उस दिन भी कहा था जब अंग्रेज लोग यहां थे तो हम लोग पुलिस इंस्पेक्टरी के लिये भी योग्य नहीं माने जाते थे। लेकिन अंग्रेजों के हटते ही हम लोग रातों रात योग्य हो गये। इसलिये जो कार्यक्षमता का तर्क दिया जाता है उसको आप हटा दें। हम लोग घूमने जाते हैं तो देखते हैं कि एक शैड्यूल्ड कास्ट अफसर है, उसको आचरण पुस्तिका में लिखा रहा होगा रिमार्क्स कालम में कि गुड, रिलेशनशिप हायर अफसरों के साथ गुड, लेकिन फिट फौर प्रोमोशन के लिए लिखा होगा नहीं। मतलब यह कि सब चीज गुड है लेकिन प्रोमोशन के लिये फिट नहीं है। तो यह सारी चीजें आज चल रही हैं तो सर्वथा अनुचित है।

मैं एक केस देख रहा था, जब गृह मंत्री जो बोलेंगे जो जवाब देंगे, हीरा लाल बनाम स्टेट आफ पंजाब, 1970, इसमें साफ तौर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कहीं आप मार्ग में बाधक नहीं है। लेकिन जब नीयत साफ नहीं रहती है तो नीति के चक्कर में उलझ जाते हैं। एक उदाहरण देता हूं, हमारे बिहार के माननीय चन्द्रशेखर और सतीश जो जानते हैं कि मराठवाड़ा विश्वविद्यालय में प्रीमेडिकल टेस्ट हुआ और उसमें जितने छोटी जाति के लोग थे सब को फेल कर दिया गया। विद्यार्थियों ने वी० सी० का घेराव किया और मांग की कि फिर से कापियां जांची जायें। जब उनकी जांच की गई तो विद्यार्थी फेल थे वह पास कर गये और जो पास थे वह फेल कर गये। जहां से हम जन्म लेते हैं वहीं से हमारे संस्कारों को दबाया जाता है। स्कूलों में हमारे लिये चटाई की व्यवस्था नहीं होती और दूसरी तरफ अमीरों के बच्चों के पढ़ने के लिये एयरकंडीशन्ड मकान है। फर्स्ट क्लास मेरिटोरियस विद्यार्थी को फेल किया जायेगा और थर्ड क्लास ले लिया जायेगा। और आप हमेशा कहते हो कि मेरिट को इग्नोर नहीं किया जायेगा। बिहार में मिथिला विश्वविद्यालय है वहां की कापियां यदि बाहर भेज दी जाती हैं तो सेन्ट परसेंट हरिजन बच्चे पास कर दिये जाते है, लेकिन जब मिथिला विश्वविद्यालय में ही कापी जांची जायें तो उच्च जाति के बच्चे ही पास होते हैं। अब यह सारी बातें चलती हैं तो कैसे हम विश्वास कर लें कि गरीबों के साथ न्याय होगा? हमें याद पड़ता है, मेरिटोरियस का क्या मतलब है? एकलव्य में क्या किसी से कम योग्यता थी? लेकिन उसका अंगूठा काट दिया गया। इसी तरह शंबूक की गर्दन काट दी गई क्योंकि वह तथाकथित छोटी जाति के थे। हमारा कहना है कि आज भी हमारे पास कार्यक्षमता है, लेकिन उसकी कहीं पूछ नहीं है। जो हजारों साल से राजा रानी का देश रहा है, जो जातिगत व्यवस्था रही है उस का कारण है कि दुनिया में सबसे शक्तिशाली देश सब से ज्यादा दिन तक गुलाम रहा। सोमनाथ मन्दिर पर जब चढ़ाई होती है तो उच्च जाति वालों की फौज को वापस भेज दिया गया यह कह कर कि जो सारे संसार की रक्षा भगवान करता है उसका मन्दिर कौन गिरा सकता है। नतीजा हम सब को मालूम है कि विदेशी मन्दिर को लूट कर चला गया। जहां एक प्रतिशत लोगों को अधिकार दिया गया हो कि देश की रक्षा करें, किताबें लिखें और हमको पांव दबाने के लिये ही कहा गया हो वहां कैसे समता आ सकती है। और आज 5,000 वर्ष के बाद आप सोचते हों कि हमारे बच्चे मेरिटोरियस हैं कि नहीं।

[श्री राम विलास पासवान]

उसके बाद भी जब हम तैयार हैं, लाइन में आने के लिए खड़े होते हैं तो भी हमारे सामने एक प्रश्नवाचक चिन्ह लगाते हैं। इसलिए मैं गृह मंत्री से कहूंगा कि इसको देखिये।

दूसरा तर्क दिया जाता है कि आर्थिक पिछड़ापन है। आज तक हमारे दिमाग में यह बात नहीं आई कि यह क्या है? जो लोग यह तर्क देते हैं वह कुतर्क देते हैं। उनके दिमाग में कहीं न कहीं यह घुसता है, वह चाहते हैं कि रिजर्वेशन की पालिसी पर सीधे कुठाराघात न कर के इन-डायरेक्टली चोट करें।

बिहार में रिजर्वेशन किया गया था और वह आर्थिक आधार पर था। 20 परसेंट पिछड़े वर्ग के लिये रिजर्वेशन किया गया था। अगर हम गलत बोलते हैं तो मंत्री जी इसको दिखवा लें। इस 20 परसेंट में 14 सीटें, 60 परसेंट के हिसाब से एनेक्शचर 1 में है कि लोहार, कुम्हार, नाई, बढ़ई के लिये रिजर्व की गई थी। 6 सीटें बची 40 परसेंट उसमें दिया गया कि बैकवर्ड क्लासेज को देंगे जिनकी आमदनी 1 हजार रुपये से कम थी। 20 परसेंट ऐसे चला गया। 3 परसेंट दिया गया महिलाओं के लिये अदर दैन बैकवर्ड। 3 परसेंट दिया गया था उनके लिये जो आर्थिक दृष्टिकोण से गरीब हैं। उसके बावजूद क्या वहां गोली नहीं चली और दूसरी चीजें नहीं हुईं?

वही चीज आज गुजरात में हो रही है। इसलिये जो तर्क देते हैं आर्थिक पिछड़ेपन का, तो यह क्या है, हमको आज तक समझ में नहीं आया। एक गरीब आदमी झोपड़ी में पैदा होता है और एक दूसरा आदमी राजमहल में पैदा होता है। दोनों में सारी चीजों में जमीन-आसमान का फर्क होता है। आर्थिक दृष्टि से क्या कहते हैं? जितने एम. पी. आये हैं एक पीढ़ी में किसी का सुधार नहीं होता है। आज आप होम मिनिस्टर हैं, आपका लड़का आई. ए. एस. बनेगा, लेकिन आप पहली पीढ़ी में आई. ए. एस नहीं बन सकते सकते थे। जिसके पेट में अन्न पड़ता है, जिसके दिमाग में बुद्धि रहती है, उनका जेनरेशन आगे बढ़ता है। आप कोई बतावें कि झोपड़ी में पैदा हुआ हो और आई. ए. एस. हो गया हो। यह अपवाद है। होता क्या है? जब आप इकनामिकली साउंड हो जाते हैं आपके पेट में अन्न आता है, बच्चा पढ़नेलिखने जाता है, जाकर नौकरी करता है, सर्विस में कम्पीट करता है तब जाकर मैं समझता हूं कि वह डाक्टर बनता है।

लेकिन यहां तर्क दिया जाता है कि रिजर्वेशन के नाम पर यहां जगजीवन राम जी हैं, रिजर्वेशन के नाम पर आई. ए. एस. अफसर भी हैं। मैं कहता हूं कि आप परसेंटेज देखिये उसमें आपकी कितनी है अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की।

1979 में अनुसूचित जाति के प्रथम श्रेणी में 4.70 हैं, द्वितीय श्रेणी में 7.37 हैं और तृतीय श्रेणी में 12.55 और चतुर्थ श्रेणी में 19.32 परसेंट हैं। इसी तरह से अनुसूचित जनजाति का है, कार्तिक ओरांव जी आप देखिये। 1979 में प्रथम श्रेणी में 0.94 परसेंट द्वितीय में 1.03 परसेंट, तृतीय श्रेणी में 3.11 परसेंट और चतुर्थ श्रेणी में 5.19 परसेंट है। चतुर्थ श्रेणी के लिए भी सूटेबल नहीं है। यह 1979 के आंकड़े हैं।

अब 1974 के आंकड़े भी देख लीजिये। अनुसूचित जाति का प्रथम श्रेणी का 3.25 परसेंट, द्वितीय श्रेणी का 4.59 परसेंट, कितना कछुवे की चाल से आगे बढ़ रहे हैं, यह देखिये। 6 साल के बाद द्वितीय श्रेणी में 4.59 परसेंट, तृतीय श्रेणी में 10.33 परसेंट और चतुर्थ श्रेणी में 18.53 परसेंट। इसी तरह अनुसूचित जनजाति का देखिये। 1974 में इसका प्रथम श्रेणी में 0.57 परसेंट, द्वितीय श्रेणी में 0.49 परसेंट, तृतीय श्रेणी में 2.13 परसेंट और चतुर्थ श्रेणी में 3.84 परसेंट। हमने आपको कहा कि हमारी नियत साफ नहीं है। अगर हमारी नियत साफ रहती तो यह सारा बैकलाग नहीं रहता। यह कभी का पूरा हो गया होता। लेकिन हमारा जो अफसर है, एडमिनिस्ट्रेटर है, वह यह सोचता रहता है, खोजता रहता है इन शिडयूल्ड कास्ट और शिडयूल्ड ट्राइब्स के लोगों को कैसे खोजें कि ये अन-सूटेबल हैं।

मैंने पार्लियामेंट में एक क्वेश्चन किया, रेल मंत्रालय से जवाब आया। झांझा में टेंडर के लिए एप्लाई किया गया। मेरे क्वेश्चन के जवाब में आया कि शिड्यूल्ड कास्ट्स भी एक को-आपरेटिव सोसाइटी है, जवाब में आया कि उसका सबसे कम टेंडर है, लेकिन उनको एक्सपीरिएंस नहीं है इसलिये एक बाबू से एक लाख रुपया लेकर ठेका दे दिया गया।

सभापति महोदय: आपका समय हो गया है।

श्री राम विलास पासवान: मैं कोई इर्रलेवेन्ट तो नहीं बोल रहा हूं।

जहां तक पब्लिक सैक्टर का सम्बन्ध है, अधिकारी श्रेणी में राष्ट्रीयकृत बैंकों में शिड्यूल्ड कास्ट्स 2.44 परसेंट और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज 0.42 परसेंट, स्टेट बैंक में शिड्यूल्ड कास्ट्स 1.39 परसेंट और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज 0.25 परसेंट, रिजर्व बैंक में शिड्यूल्ड कास्ट्स 2.82 परसेंट और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज 0.32 परसेंट, औद्योगिक विकास बैंक में शिड्यूल्ड कास्ट्स 1.69 परसेंट और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज का एक भी नहीं, औद्योगिक वित्त निगम में शिड्यूल्ड कास्ट्स 3.05 परसेंट और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज का एक भी नहीं, औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम में शिड्यूल्ड कास्ट्स 2.72 परसेंट और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज 0.28 परसेंट है। मैं कहना चाहता हूं कि यह जलन की राजनीति है। ये जो आर्थिक आधार और मैरिट आदि के तर्क दिये जाते हैं, वे सब जलन के पेट से निकले हुए हैं।

यह सारा हंगामा डाक्टरों को ले कर चल रहा है। जो लोग डाक्टरी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, उनमें शिड्यूल्ड कास्ट्स 5.3 परसेंट है। नर्सों में शिड्यूल्ड कास्ट्स 4.08 परसेंट हैं।

गुजरात में जहां यह आंदोलन चल रहा है, शिड्यूल्ड कास्ट्स के लिए रिजर्वेशन 7 परसेंट और शिड्यूल्ड कास्ट्स के लिए 14 परसेंट है, लेकिन वहां प्रथम श्रेणी में शिड्यूल्ड कास्ट्स 4.05 परसेंट और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज 2.03 परसेंट, द्वितीय श्रेणी में शिड्यूल्ड कास्ट्स 5.09 परसेंट और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज 3.02 परसेंट हैं।

हरियाणा में शिड्यूल्ड कास्ट्स के लिए रिजर्वेशन 20 परसेंट है। वहां शिड्यूल्ड ट्राइब्ज नहीं हैं। वहां पर शिड्यूल्ड कास्ट्स प्रथम श्रेणी में 3.4 परसेंट, द्वितीय श्रेणी में 3.9 परसेंट और तृतीय श्रेणी में 7.5 परसेंट हैं।

केरल में शिड्यूल्ड कास्ट्स के लिए 8 परसेंट रिजर्वेशन है, लेकिन वे प्रथम श्रेणी में 1.71 परसेंट, द्वितीय श्रेणी में 3.47 परसेंट और तृतीय श्रेणी में 3.95 परसेंट है।

मेरे पास सब स्टेट्स के आंकड़े हैं। सब जगह यही स्थिति है।

मैं श्री मकवाना का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि हम लोगों को न्यायालय से जस्टिस, न्याय मिलता है। सुप्रीम कोर्ट में 16 जज हैं, मगर उनमें शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिडयूल्ड ट्राइब्स का एक भी नहीं है।

श्री राम विलास पासवान : अब हो गया है।

नौवहन और परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बूटा सिंह): एक है।

श्री बूटा सिंह : पहली बार—श्रीमती इंदिरा गांधी की कृपा से।

श्री राम विलास पासवान : क्या आप उसी पर संन्तोष कर लेंगे? जो कुछ आपने दे दिया है, उसको उपकार न समझिए।

देश के हाई कोर्ट्स में 355 जज हैं। उन में शिड्यूल्ड ट्राइब्ज का एक भी नहीं है और शिड्यूल्ड कास्ट्स के केवल 5 हैं। जहां से न्याय की गंगा निकलती है, वहीं अन्याय है। तो फिर शिड्यूल्ड कास्ट्स के लोग कहां जायें?

नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1955 में बनाया गया। उसके अन्तर्गत अनुसूचित जातियों द्वारा किये गये मामलों की संख्या 5325 थी। उनमें से 3991 मामले अनिर्णीत पड़े हुए हैं। जिन मामलों का फैसला हो चुका है, उनमें 1136 दोषमुक्त हुए और केवल 198 दोषसिद्ध हुए। इसका मतलब यह है कि हरिजनों द्वारा जो 5325 मामले दिये गये, उनमें से केवल 198 मामलों में अभियुक्तों को दोषी पाया गया।

[श्री राम विलास पासवान]

आज गुजरात में पुलिस के सामने ही क्या होता है? हरिजनों की हत्या होती है, उनके लड़कों को मारा जाता है। अगर कोई थाने में जाए, तो केस दर्ज नहीं किया जाता है। अगर गृह मंत्री इतने दिनों में कम से कम वहां की लोकल पुलिस को हटवा देते और अपने दहा की पुलिस को भेज देते, तो वह दर्जनों हरिजनों की रक्षा कर सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

आज सारे देश में भीतर ही भीतर एक चिनगारी सुलग रही है, जिससे सभी पक्षों के लोग चिन्तित हैं। जब मैं ऊंची जाति की बात कहता हूं, तो मैं यह नहीं कहता हूं कि ऊंची जाति के लोग हमारे दुश्मन हैं। मैं तो यह कहता हूं कि ऊंची जाति के लोग भी यदि देश के नक्शे को सामने रखकर देखेंगे कि देश कैसे बनेगा तो वह कहेंगे कि हम खाद बनेंगे और हरिजन-आदिवासी लोगों को बीज बनने दो। वह भी यही कहेंगे। लेकिन जब वह देखेंगे कि हम को नौकरी मिल रही है या नहीं, तो उस परिस्थिति में वह कहेंगे कि हमारा हक मारा जा रहा है। लेकिन देश के नक्शे को सामने रखेंगे तो समझेंगे कि देश बनाने का यही एकमात्र तरीका है, इसी से देश आगे बढ सकता है, हरिजन और आदिवासियों के हक को छीन कर नहीं।

यह जो आज हो रहा है यह क्यों हो रहा है-- इसलिए कि आज हरिजन के पास में जमीन नहीं है। 1961 की जो फिगर है, आप शेड्यूल्ड कास्ट्स एण्ड शेडयूल्ड ट्राइब्ज कमीश्नर की रिपोर्ट को देखें, शेड्यूल्ड कास्ट 345 लैंडलेस थे 1 हजार में लेकिन आज बढ कर 518 लैंडलेस हो गये हैं। उस समय शेड्यूल्ड ट्राइब्ज 197 लैंडलेस थे लेकिन आज बढ कर 320 लैंडलेस हो गए हैं। यह आप की रिपोर्ट में है। शेड्यूल्ड कास्ट के किसान थे 378 जो आज 279 बच गए हैं और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के किसान 681 थे जो आज घट कर 573 हो गए हैं। यह इसलिए, कि जमीन पर सब जगह लागू है कि सिंचित जमीन हो तो अब जमीन पर सब को रोजगार मिल नहीं रहा है। नतीजा यह होता है कि दस पोस्ट्स निकलती हैं तो उस दस पोस्ट के लिए कम्पटीशन होता है और उस में गला-घाँटी चलती है।

आप ने मार्च 1980 में एक पत्र लिखा था सब मुख्य मंत्रियों के नाम और आप ने इस सदन में कहा था कि जितनी भी की-पोस्ट्स हैं ए एस पी, एस पी, कलैक्टर आदि की इन पोस्ट्स के ऊपर गरीब तबके के लोगों को, कमजोर वर्ग के लोगों को रखो, लेकिन यह आप का आदेश कहीं पालन हुआ? नहीं हुआ। और जहां हम लोग इसे लाइट में ले आए, इस बात को नौलेज में लाए, वहां उस अफसर को ताडना दी गई और ताडना दी जा रही है। पिपरा की घटना आप के सामने है। पिपरा में आप गए थे और आप ने कहा था कि हरिजन अफसर ने अच्छा काम किया है। लेकिन उस हरिजन अफसर की क्या दुर्गति हो रही है, यह ज्ञानी जी, आप को और भकवाना साहब को भी मालूम है। वह चीफ सेक्रेटरी इसलिए है कि इस ने हम को होम मिनिस्टर से गाली दिलवायी है, इसलिए उस ने उस का सी आर खराब कर के रख दिया।

ये सारी समस्याएं हैं और यह जो विद्रोह हो रहा है इस विद्रोह का कारण क्या है? इस विद्रोह का एक ही कारण हो सकता है कि जो अनुसूचित जाति के लोग हैं वह अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। और जो दूसरी जाति के लोग हैं वह समझते हैं कि उन के ऊपर जुल्म ढाया जा रहा है। मैं आप से कहूंगा कि यह सदन के लिए अपमान है, आज देहातों में क्या होता है कि बडे बडे लोग रात में शराब पीकर आएंगे, हमारी मां-बहनें सोयी रहेंगी, वह शराब पीकर भीतर जाएंगे और वहां से निकलेंगे। यह समाज की हालत है आजादी के 32 वर्ष के बाद में सरकार इस पर कार्यवाही करे।

यह स्टेट्समैन और इंडियन एक्सप्रेस है। इंडियन एक्सप्रेस में एक यह फोटो छपी है, इस को आप देखिए। यह आरक्षण विरोधी लोग नारा लगा रहे हैं और आगे

में एक महात्मा गांधी की फोटो बनायी है। एक आदमी को खुला बदन कर के लंगोटी पहना कर महात्मा गांधी बना दिया है और ये लोग आरक्षण के विरोध में नारे लगाते हुए, झूमते हुए हिंसा के लिए जा रहे हैं। .... (**व्यवधान**)... क्या यह गलत बात है? दूसरा मैं आपको दिखाता हूं यह स्टेट्समैन इस स्टेट्समैन में गुजरात के एक अरुण साहू हैं उनका खुला लेख आप पढ़ लीजिए, आपको स्पष्ट हो जाएगा कि वहां प्रशासन क्या कर रहा है। वहां के अखबार किस तरह आग उगल रहे हैं ? वहां जो प्रैस रिपोर्टर है वह क्या कहता है । आप वह प्रैस रिपोर्ट देखिए....

सभापति महोदय: वह तो सब ने पढ़ी होगी, आप क्यों उस को पढ़ते हैं ?

श्री राम विलास पासवान: नहीं सदन को कहां मालूम है? क्या सब लोगों ने इसे पढ़ लिया है? ....(**व्यवधान**).... मैं यह कहता हूं इस में एक प्रैस रिपोर्ट ने दस उदाहरण दिए हैं कि मैं गया था जहां के लिए कहा गया कि मैरिज हो रही है लेकिन मैरिज नहीं थी। मगर यह कहा गया कि हरिजन लोग आ कर औरत के साथ बलात्कार किए । यह फैलाया गया कि हरिजनों ने होटल में जा कर अटैक किया और लडकियों के साथ बलात्कार किया। इस तरह से एक से एक न्यूज फैलाई गई । पुलिस कमिश्नर की रिपोर्ट आई, पुलिस कमिश्नर ने किस तरह से कहा कि मान ने फोर्स पर अटैक किया? यह सब अखबार की रिपोर्ट है।

उस दिन भकवाना साहब बोल रहे थे और ज्ञानी जी भी बोल रहे थे। बोलते-बोलते उन्होंने कहा कि इसमें फलां-फलां पार्टी के आदमियों का हाथ है और हम लोगों ने चार्ज को डिनाई किया। मैंने उस दिन भी कहा था और आज भी कहता हूं कि जिस पार्टी, लोकदल की ओर से हम यहां पर जीत कर आए हैं उसका मेनिफेस्टो कहता है:

"The Scheduled Castes and Tribes also enjoy reservation in recruitment to public services proportionate to their pepulation. The Lok Dal proposed that similar reservation may be made in allotment of permits or licences that may lie in the gift of Government but do not require any technical skill exploitation."

हमारी पार्टी रिजर्वेशन के लिए तैयार है । मैं बूटासिंह जी से कहना चाहूंगा कि वे इसके खिलाफ कोई एक भी स्टेटमेन्ट चौधरी चरण सिंह जी का दिखला दें । (**व्यवधान**) बूटासिंह जी, उस दिन आपने कहा था, मैं यहां पर कोई पालिटिक्स नहीं उठा रहा हूं ...

SHRI BUTA SINGH: Chaudhury Charan Singh has gone on record with regard to the question of reservations. I am just trying to ascertain from the hon. Member whether he has also.... (*Interruptions*)

श्री राम विलास पासवान : सटीकली । मैं ने कहा कि हमारे लीडर ने सिर्फ शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के रिजर्वेशन के लिए तैयार हैं बल्कि हमारा लीडर यह भी कहता है कि लाइसेन्स, कोटा पर्मिट में भी उनको रिजर्वेशन दिया जाए । आप बैकवर्ड क्लासेज के लिए भी रिजर्वेशन कीजिए । हमारी पार्टी के मेनिफेस्टो में आगे लिखा है :

"While the socially and educationally backward classes (other than the Scheduled Tribes and Scheduled Castes) both Hindu and Muslim, constituted more than half of our people, they have little place in the administrative map of the country and therefore, smarting in a sense of injustice and deprivation while the Lok Dal regards that reservation cannot be a permanent feature of our arrangement, there is no alternative to the policy of professional opportunities. At least 25 per cent of Groups A and B Group jobs in the Central Government services will therefore be reserved for young men and women coming from these classes as recommended by the Backward Classes Commission appointed in the fifties by the Union Government itself, under Article 340 of the Constitution."

[श्री राम विलास पासवान]

आपने काका कालेलकर कमेटी बना दी थी, 1953 में उसकी रिपोर्ट भी आ गई थी। फिर आपने दूसरी कमेटियां भी बनाई लेकिन इस देश के बैकवर्ड लोगों में इतनी बुद्धि है, वे इस बात को समझ रहे हैं कि रोज आप कमीशन बनावें, उस पर खर्चा करें लेकिन जब उसकी रेकमेंडेशन्स पर इम्प्लीमेन्टेशन करने की बात आती है तब आप चुप हो जाते हैं और कहने लगते हैं कि फला लीडर विरोध कर रहा है, फला लीडर विरोध कर रहा है। सरकार आरक्षण की नीति को कडाई के साथ लागू क्यों नहीं करती? जब हमारी पार्टी का राज था तब हमने कहा था और आज भी मैं यहां पर दो सुझाव देना चाहता हूं।

मेरा पहला सुझाव यह है कि आप एक तात्कालिक कार्यक्रम के लिए विचार करें और इस सम्बन्ध में जिन पोलिटिकल पार्टीज से भी बातचीत करनी हो वह करें तथा देश में विशेषकर गुजरात में जो आग भडक रही है उसको कडाई के साथ रोकें।

मेरा दूसरा सुझाव यह है कि गुजरात की जो लोकल पुलिस है उसको वहां से हटायें और अपने यहां से फौज भेजें ताकि हरिजनों की जानें बचाई जा सकें। होली के बाद प्रत्येक घर से एक हरिजन मार देने की शिव सेना की जो योजना बन रही है, आखिर इस सम्बन्ध में आपकी विजिलेन्स और आपका गुप्तचर विभाग क्या कर रहा है? आप वहां के डी. एस. और एस. पी. को सस्पेण्ड क्यों नहीं करते हैं? यदि आप सोलंकी और अन्तुले को सस्पेण्ड नहीं कर सकते तो कहीं न कहीं आपको चाबुक उठाना ही पडेगा।

इसके अलावा जो रॉलिजस इंस्टीट्यूशन्स हैं, रॉलिजस प्लेसेस में वहां पर पण्डित जी ही बैठ जाते हैं, हम वहां भी नहीं जा सकते हैं चाहे कितने ही अकलमन्द हम क्यों न हों। हम चाहते कि जो पढ़े-लिखे लोग हों जोकि डिग्री लेकर निकलें उन लोगों को ही मन्दिर-मस्जिद का पुजारी बनाया जाए, जाति के आधार पर किसी को पुजारी न बनाया जाए।

अन्त में जैसा कि मैं पहले भी कह चुका हूं यह बेमेल लड़ाई नहीं चल सकेगी कि एक तरफ बन्दूक और राइफल हों और दूसरी ओर हरिजन निहत्थे हों। जो बडे-बडे लोग हैं या दूसरी जो प्रोटेक्शन फोर्सेज हैं उसमें कीजिए, उनके लाइसेन्स कैंसिल कीजिए और दूसरी तरफ गरीब हरिजनों को आप बन्दूकें दीजिए, लाइसेन्स दीजिए और उनको ट्रेनिंग भी दीजिए। इसके अलावा पुलिस में जो नीचे की पोस्ट वल्नरेबल की हैं या दूसरी जो प्रोटेक्शन फोर्सेज हैं उसमें इन स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा इन लोगों की बहाली आप करें ताकि अपनी रक्षा करने में वे सफल हो सकें।

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

"That this House expresses its concern at the situation arising out of the agitation and violent demonstrations against reservation of jobs for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Gujarat, Rajasthan and other parts of the country."

MR. CHAIRMAN: There are some amendments.

SHRI BHERAVADAN K. GADHAVI (Banskantha): I beg to move:

That in the motion,—

add at the end—

"and resolves that all political parties in the country and all sections of the society should join not only in condemning the agitataion but also in lending their active support to the Central Government in tackling the situation so as to restore peace and normalcy" (1).

SHRI NAVIN RAVANI (Amreli): I beg to move:

That in the motion,—

add at the end—

"and resolves that all political parties in the country and all sections of the society should support

the Central Government as well as the State Governments in tackling the situation so as to restore peace and normalcy." (2)

MR. CHAIRMAN: Shri Eduardo Faleiro—absent

SHRI SURAJ BHAN (Ambala): I beg to move:

That in the motion,—

add at the end—

"and is of the opinion that there is no controversy as far as the reservation for Scheduled Castes and Scheduled Tribes as provided in the Constitution is concerned but certain difficulties and disparities have cropped up in its implementation in various States which has led to agitations for and against reservation this House, therefore, appeals to all leaders of agitation to withdraw their movement and resolves to appoint an all party Committee of the House for removal of difficulties and disparities in implementation of reservation and safeguarding the interests of the weaker sections of the society." (4)

MR. CHAIRMAN: Prof. Ajit Kumar Mehta—absent.

श्री भेराबदन के. गधावी (बनासकांठा): सभापति महोदय, मैंने इस रेजोलूशन के बारे में पासवान जी की बातें सुनीं । हम तो यह चाहते थे कि इस बड़े देश के सामने, न किसी एक पक्ष के लिए, न किसी एक पालिटीकल पार्टी के लिए बल्कि पूरे देश के लिए यह सबसे गंभीर समस्या है और इस सर्वोच्च सदन के ऊपर पूरे देश को एक राह दिखाने का दायित्व है । इसलिए थोड़ी गंभीरता से इस के बारे में सोचना चाहिए, मगर जब मैंने उनका भाषण सुना, तो मुझे ऐसा लगा कि बहुत गंभीर बात न कहते हुए वे क्षुद्र राजनीति के ऊपर नहीं आ सके ।

एक जमाना था, हम पढ़ते थे और छोटे थे, तो हमने यह देखा कि 30 जनवरी, 1948 की शाम को एक बहुत छोटे आदमी ने एक बहुत बड़े आदमी, राष्ट्रपिता की छाती छलनी कर दी । वह छाती क्यों छलनी की गई थी और किस बात के लिए ऐसा हुआ था ? वह इसलिए हुआ था कि उस आदमी ने एक आवाज उठाई थी, हिन्दुस्तान के जो गरीब लोग हैं, हिन्दुस्तान के जो हरिजन लोग हैं, हिन्दुस्तान के जो बैकवर्ड क्लासेज के लोग हैं, हिन्दुस्तान के जो माइनोरिटीज कम्युनिटीज के लोग हैं, उनके लिए उसने आवाज उठाई थी और दूसरी आवाज अपने उसूलों पर खड़े रहने के लिए उठाई थी । उस वक्त भी कुछ ऐसी ताकतें मौजूद थी, कुछ ऐसे लोग थे जो यह चाहते थे कि ऐसा आदमी जो यह कहता है कि मैं अपने उसूलों पर खड़ा रहूंगा, जो अपने उसूलों पर खड़ा रहता है और जो आदमी यह कहता है कि जो गरीब हरिजन लोग हैं, जो इन कास्ट्स के लोग हैं और जो उच्च वर्ग के लोग हैं, उन सब को बराबर होना चाहिए, जो आदमी अपने वायदों को निभाने की बात अपने इस देश में करने की बात करे, ऐसे आदमी को जिन्दा नहीं रहना चाहिए और इस तरह से उसकी छाती को छलनी कर दिया गया । उस के बाद हमारा संविधान बनाया गया और इसके पहले भी और आजादी के बाद भी, लगातार न किसी एक पार्टी ने, न किसी एक पक्ष ने बल्कि पूरे देश के लोगों ने यह बात कही कि हमारे जितने भी कमजोर तबके हैं, हमारे जितने वे लोग हैं, जो समाज में सब से पिछड़े हुए हैं, उनको हम मौका देंगे, उनको बराबर का गिनेंगे और उन के साथ मिलजुल करके उन को समाज में बराबर का स्थान देंगे ताकि वे आत्म-सम्मान के साथ इस देश में रह सकें । ऐसा वातावरण हम बनाएंगे । आजादी के पहले की बात जो पासवान जी ने कही, वह सही है । गांधी जी ने आमरण अनशन किया था और फिर पूना पैक्ट हुआ और उसी हिसाब से हम इस देश में चलते रहे हैं । आरक्षण हम ने इसीलिए दिया है । आखिर मरीज होता है, उसको दवा देनी पड़ती है और दवा देते हैं । तो दवा क्यों देते हैं ? इसलिए दवा देते हैं कि बाद में वह अच्छा हो जाए और उसको बाद में फिर ज्यादा दवा न देनी पड़े ।

मुझे अफसोस है कि प्रधान मंत्री जी ने जो लाइयर्स कांफ्रेंस में बात कही थी, उस

[श्री भेरावदन के. गधावी]

का इन्होंने गलत अर्थ लगाया । उन्होंने सिर्फ यही कहा था कि गरीब तबकों को हम मदद दे रहे हैं, हम देने वाले हैं और उसके ऊपर मुकम्मल हैं, मगर इस का मतलब यह नहीं है कि मरीज अच्छा कभी न हो । हम तो चाहते हैं कि आरक्षण बना रहे मगर आरक्षण के साथ साथ जो हमारा ध्येय है और जिसे हमें कार्यान्वित करना है, वह वही है कि एक ऐसा दिन इस देश के अन्दर आएगा, जब हम यह कहेंगे कि आरक्षण के बगैर वे गरीब तबके, हरिजन, आदिवासी जो कुछ भी इन को सहायता मिल रही है, जाब्स में और एजुकेशन के मामले में जो फैसेलिटीज मिल रही है, वे उसके बगैर चल सकें और दूसरे लोगों के बराबर हो जाएं । यह देश की भावना है, यह हमारे संविधान की भावना है, और तोड़-मरोड़ कर राजनीति के हिसाब से इसको पेश करना अच्छी बात नहीं है । गुजरात में मैंने जैसे आप को बताया था कि 30 जनवरी, 1948 को गांधी जी की छाती में गोली लगी।

आज गुजरात में क्या हो रहा है ? जिन लोगों ने गांधी की छाती पर गोली लगायी थी, वही लोग देश के हर कोने में जहां भी बैठे हैं, वहां पर लोगों को उकसा रहे हैं कि हरिजनों पर अत्याचार करो । यहां जेठमलानी जी बैठे हैं, बात तो आप बहुत करते हैं कि हम भी यह कहते हैं, हम भी यह चाहते हैं । लेकिन आप-जबान से और दिल से एक बात किया करो । आपके दिल में और बात हो, जबान में और बात हो तो वह बात नहीं चल सकती है । **(व्यवधान)** यहां उन्होंने सब कुछ कहा है। **(व्यवधान)** आज पासवान जी यह बात कर रहे हैं, हम जानते हैं... **(व्यवधान)**

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री (संदपूर) : सभापति जी, यह सारा का सारा मामला राजनीतिक रूप में बदल रहा है, जबकि यह कहा गया था कि इसे राजनीतिक रूप से नहीं देखा जायेगा । **(व्यवधान)**

श्री जगपाल सिंह (हरिद्वार) : हमारे यहां से पासवान जी बोले हैं । यहां लोक दल की बात कही गयी है, पॉलिटिक्स की बात की गयी है । **(व्यवधान)** गुजरात की आप बात कर रहे हैं । **(व्यवधान)** मेरा चार्ज है कि आपके मिनिस्टर, आपका एडमिनिस्ट्रेशन, आपके अफसर इसमें शामिल हैं । **(व्यवधान)**

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH): May I make an appeal? The debate should not, be an acrimonious one. It has been intended to discuss the problem in its entirety with all coolness. I will only request hon. Members opposite.... *(Interruptions)*.

SHRI RAM JETHMALANI (Bombay North-West): Request your people first. *(Interruptions)*

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: When Mr. Paswan was speaking, nobody from this side interruption him.. *(Interruptions)*

SHRI RAM JETHMALANI. I can give the names of the Ministers who are involved. But I am keeping quiet. Please ask him not to throw stones. *(Interruptions)*

श्री रामविलास पासवान : सभापति जी, श्री वेंकटसुब्बया जी ने मेरा नाम लिया है। मैं आपको कहता हूं कि आप सारी प्रोसीडिंग्स को उठा कर देख लीजिए कि कहीं भी मैंने किसी का नाम लिया हो। जब मुझ से बूटा सिंह जी ने इस बारे में पूछा कि लोक दल के नेता का क्या स्टेण्ड है तो मैंने सिर्फ लोक दल का मैनिफेस्टो पढ़ कर सुना दिया । इसके अलावा मैंने कुछ नहीं कहा । **(व्यवधान)**

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: I did not say anything against you. What I said is that while you were speaking, nobody from our side interrupted you.

श्री राम विलास पासवान : वह क्या बोल रहे हैं, आप उनसे तो पूछिये ? आप हमेशा दूसरे के बारे में कहते हैं, मैं

आपसे कहता हूं कि आप समस्या के संबंध में बोलिये । इस बात पर बोलिये कि गुजरात में क्या हो रहा है, उसका निदान क्या हो सकता है । वह पार्टी के बारे में कह रहे हैं कि वह पार्टी कर रही है, यह पार्टी कर रही है ? क्या इस से समस्या का समाधान होगा अगर आपकी तरफ से ऐसा जवाब आयेगा तो हमारे पास भी कागजात हैं, आपका कच्चा चिट्ठा है, हम भी बहुत कुछ आप को कह सकते हैं । इसलिए मैं आप से कहना चाहता हूं कि आप समस्या का निदान बतलाइये, उस पर बोलिए और सुझाव दीजिए । देश आज जल रहा है । क्या ऐसे समय में हम एक दूसरे को गाली दें ?

श्री उगपाल सिंह : मेरा इतना कहना है कि हम लोगों ने इस वजह से मूमेंट शुरू नहीं किया । **(व्यवधान)**

SHRI BHERAVADAN K. GADHAVI: We do not want to make this debate acrimonious; nor do we want that.... (*Interruptions*) so far as this debate is concerned. But I would certainly say with all the force at my command that when these forces are speaking with a double standrad, naturally, if I do not expose them, then I am not doing my duty.

श्री सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : सभापति महोदय, किसी भी माननीय सदस्य के ऊपर रिमार्क लगाया जाए तो उसे एक्सपंज कराया जाना चाहिए ।

MR. CHAIRMAN: He said that he is not making any aspersion. (*Interruptions*).

श्री राम विलास पासवान : सभापति महोदय, आप ट्रेजरी बैंचेज से ऐसे लोगों को बुलवाया करें, जिनके मन में हरिजनों के प्रति दर्द हो । **(व्यवधान)**

श्री उगपाल सिंह : ये मन से ही खिलाफ हैं ।

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: This is very unfair. None of our members is against harijans or against reservation. The stand of the Government has been made very clear. None of our members is against harijans or against reservation.

श्री भेरावदन के. गधावी : सभापति महोदय, मैं यह कह रहा था कि आज देश के सामने यह समस्या खड़ी हो गई है, यह प्रश्न खड़ा हो गया है, हमें इस पहलू को देखना चाहिए कि इसके पीछे कौन लोग हैं। आप पिछली बातों की ओर ध्यान दें, जब पहली बार गुजरात में मेडिकल स्टूडेंट्स के द्वारा एजीटेशन किया गया तो हमने कहा कि आरक्षण जारी रहेगा और जिन लोगों को आरक्षण का अधिकार है, उन्हें पूरी सुविधा दी जाएगी, इसके साथ-साथ गुजरात सरकार ने कहा कि अगर किसी इंटेलीजेंट स्टूडेंट के साथ आरक्षण की वजह से अन्याय हो जाता है तो हम उसे दूर करेंगे और आरक्षण की सीटें बढ़ा देंगे, ताकि किसी की हानि न हो, न आरक्षण वालों की और न दूसरों की । आज गुजरात के स्टूडेंट्स और गुजरात के लोग उसे चलाना नहीं चाहते और स्टूडेंट्स जब समझौता करने के लिए आते हैं तो आर. एस. एस. के लोग उनको धमकियां देते हैं, यही रामविलास जी से मैं अर्ज कर रहा था । **(व्यवधान)**

श्री फूल चन्द वर्मा (शाजापुर) : सभापति महोदय, इन्हें अपना आरोप वापस लेना चाहिए, या ये प्रमाण प्रस्तुत करें । **(व्यवधान)**

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): Let there be a debate between the Bhartiya Janata Party and the Congress.

श्री भेरावदन के. गधावी : मैं तो सिर्फ यही कह रहा था कि हमारा दल, जो आज यहां बैठा है हम आज से ही नहीं, बल्कि आजादी के पहले से इनके हित में बात करते आए हैं और पूरे हिन्दुस्तान की जनता जानती है कि अगर हरिजनों और आदिवासियों का कोई हमदर्द है तो वह कांग्रेस है । घड़ियाली आंसू बहाने से कोई फायदा होने वाला नहीं है ।

SHRI N. K. SHEJWALKER (Gwalior): Sir, under rule 353, it is permissible to say anything against a person who is not present here, without the previous permission of the Chair?

SHRI BHERAVADAN K. GADHAVI: I have not blamed anybody. (*Interruptions*)

17 hrs.

श्री फूल चन्द वर्मा : आप क्या समझते हैं कि आपको ही बोलना आता है, दूसरे बोल नहीं सकते हैं ? मैं आपको चुनौती देता हूं, ज्ञानी जी को चुनौती देता हूं। वह जांच करा कर देख लें कि आर. एस. एस. का हाथ है या नहीं (**इंटरप्शंज**) अगर उनका हाथ है तो उनको फांसी लगा दो लेकिन गलत आरोप न लगाओ। यदि लगाते हैं तो आप को खेद प्रकट करना चाहिए वर्ना मेरी चुनौती को स्वीकार कर लेना चाहिए। सरकार में हिम्मत है तो मेरी चुनौती को स्वीकार करे।

श्री भेरादवन के. गधावी : आरक्षण की बात को हम ने कास्टीट्यूशन में रखा है और जो हमारे मंशे की बात कही जाती है वह इसी से साफ हो जाती है। आप यह भी देखें कि हमारे दल के न होते हुए भी बाबा साहेब अम्बेदकर को संविधान को ड्राफ्ट करने के लिए कहा गया था। वह कांग्रेस दल के नहीं थे। इससे भी हमारा मंशा साफ हो जाता है।

गुजरात के आन्दोलन के सम्बन्ध में मैंने एक एमेंडमेंट रखा है और मैंने कहा है कि सभी दल मिल कर न सिर्फ इसके ऊपर सोचें लेकिन जो एजीटेशन चल रहा है, उसकी भर्त्सना भी करें।

MR. CHAIRMAN: You have already taken 16 minutes Your time is over. Please conclude. (*Interruptions*).

SHRI BHERAVADAN K. GADHAVI: That is why I have moved an amendment to know the bona fides of all the parties whether they would condemn the agitation and help restoring normalcy and law and order in Gujarat (Interruptions).

श्री फूल चन्द वर्मा : या वह आरोप वापिस लें या सरकार जांच की घोषणा करे।

श्री भेरावदन के. गधावी : गुजरात और राजस्थान तथा अन्य राज्यों में जो बातें चल रही हैं उनके सम्बन्ध में मैं कहना चाहता हूं कि गुजरात के लोग बड़े शांतिप्रिय हैं और गांधी के देश में गांधी के पुतले को किसी ने रक्त का टीका इसके पहले नहीं किया था और मैं चाहता हूं कि आप भी अपने दिल को टटोलें और जिस किसी ने गांधी के पुतले को रक्त का टीका किया है उसको ढूंढ निकालें।

श्री नवीन रवाणी (अमरेली): गुजरात में जो घटनाएं दो महीने से घट रही हैं और आज भी जो वहां से खबरें आ रही हैं इस से सारा देश चिन्तित है, हम सब चिन्तित हैं। इस महत्वपूर्ण विषय पर परम्परा का निर्वाह करते हुए हम सोच रहे हैं। गुजरात के आन्दोलन के संदर्भ में आज हम सब अपनी जो चिंता व्यक्त कर रहे हैं इसमें इस सदन की गरिमा और संसदीय लोकशाही की परम्परा का प्रतिघोष मैं देख रहा हूं। इसलिए विपक्षी सदस्यों से मैं प्रार्थना करता हूं कि हम विशाल दृष्टिकोण अपनाएं और विपक्ष से भी मेरा अनुरोध है कि वह भी ऐसा ही करे और इस विषय में अपना सम्पूर्ण सहकार सरकार को दें।

मैं गुजरात से आ रहा हूं। गुजरात में जो घटनाएं घट रही हैं, गुजरात का एक प्रतिनिधि होने के नाते मैं कहना चाहता हूं कि "उनको देख कर हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। गांधी जी के प्रदेश गुजरात में किन लोगों ने किन लोगों पर हिंसा की, किन को दोष दिया, किन लोगों पर हमला किया, इसको आपको देखना चाहिये। महात्मा गांधी ने पूरी जिन्दगी भर हरिजनों तथा आदिवासियों के लिए काम किया और जो लोग आर्थिक और सामाजिक शोषण की बलि बने हैं उनके बारे में उन लोगों को मालूम नहीं है कि वे कैसे रहते हैं। आप सब ने तो देखा होगा। मगर देहातों में हरिजन और आदिवासी की झोंपड़ी नहीं देखी होगी जिसमें मिट्टी के दो बर्तन के अलावा और कुछ सम्पत्ति नहीं होती है, पहनने के लिये एक लंगोटी के अलावा और कुछ नहीं होता। उनकी आर्थिक और सामाजिक परिस्थिति में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है। उन के लिये गांवों में पीने को पानी नहीं मिलता, और मिलता भी है तो अलग कूएं से मिलता है हरिजन के रहने का स्थान गांव से दूर होता है।

है । उस हरिजन और आदिवासी को उठाने की बात है । गुजरात में कुछ लोगों ने आन्दोलन छेड़ा है, लेकिन अगर उनके सामने उन हरिजनों का सही चित्रण होता तो वह यह आन्दोलन नहीं छेड़ते। हम सब लोगों के बीच में रहते हैं, हम पिछड़े, गरीब और दबे हुए लोगों को उठाने की कोशिश करते हैं । यह कांग्रेस की परम्परा रही है । यह संदेश महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू से हमको मिला है । अब यह संदेश हमको अपनी प्रधान मंत्री और हमारी प्रमुख नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी से मिल रहा है । उसका इम्प्लीमेंटेशन कैसे होगा। आरक्षण के खिलाफ कितना भी प्रतिकार आये कांग्रेस सरकार और कांग्रेसजन इस आरक्षण के साथ सदा रहे हैं और रहेंगे । इस सम्बन्ध में मुझे एक प्रसंग याद आ रहा है । महात्मा गांधी बिहार का दौरा कर रहे थे कौमवाद की आग बुझाने के लिए । दोपहर का समय था, गांधी जी थोड़ा आराम कर रहे थे। बगल की कुटिया में ठक्कर बापा सो रहे थे । एक आदिवासी वहां पहुंचा उसने कहा कि मैं गांधी जी के दर्शन करना चाहता हूं । लोगों ने कहा कि वह आराम कर रहे हैं । तब ठक्कर बापा जाग गये और उन्होंने बताया कि तुम गांधी जी की चारपाई के सामने जा कर बैठ जाओ । थोडी देर बाद गांधी जी जाग गये, उन्होंने आदिवासी को अपने पास बुलाया और पास बैठाया । उस आदिवासी ने क्या किया ? वह मुंह में घास का तिनका ले कर गांधी जी के पैर में लेट गया । जब उन्होंने उसको उठाया और कहा "मुंह में तिनका दूर और आइन्दा किसी के सामने ऐसा नहीं करोगे । फिर आदिवासी ने क्या किया? गांधी जी को एक पैसा भेंट किया । गांधी जी ने कहा कि" कहां से लाये । उसने जवाब दिया "आज की रोजी से मिला" । एक पैसे की दारू और ताड़ी पी, एक पैसे का चना खाया और एक पैसा आपको भेंट दे रहा हूं । कैसी स्थिति थी उसकी? आज भी आदिवासी और हरिजन बस्ती में ऐसा ही चित्र दिखाई पड़ता है । अगर डाक्टर और वकीलों को इस चित्र का ख्याल होता तो उनके खिलाफ वह आन्दोलन नहीं छेड़ते ।

आदिवासी और हरिजन के लिये आरक्षण की जो बात है वह इसलिए है कि उनकी आजीविका का साधन सीमित है । साल में कुछ ही दिन उनको रोजी मिलती है, दूसरे दिनों में वह रूखी-सूखी रोटी खा कर दिन गुजारते हैं । असल बात यही है कि कांग्रेस सरकार ने उनके उत्थान के लिए कानून बनाया । इस कानून के जरिये शिक्षा में, स्वास्थ्य में हरिजनों को स्थान दिया जाये । परन्तु हरिजन और आदिवासी इतने दबे हुए और पिछड़े हुए हैं, इसके पास्वान जी ने आकड़े दिये हैं । पहले इस विषय का बहस के समय गुजरात के उत्तम भाई पटेल ने आंकड़े दिये थे कि उनके सामने जो सुविधाएं रहती है, उनका उपयोग वह नहीं कर सकते हैं । इस स्थिति में उनको ऊपर लाने के लिए आरक्षण जरूरी है ।

पूना पैक्ट की बात कही गई है, उसमें मात्र गांधी जी और अम्बेडकर की ही नहीं बल्कि देश के बड़े-बड़े उद्योगपतियों के भी गांधी जी के अनशन छुड़वाने में दस्तखत थे । समाज कल्याण की बात सिर्फ सरकार के सिर पर ही नहीं है, देश के बड़े बड़े उद्योगपतियों, प्राइवेट सैक्टर के उद्योगपतियों ने गाधी जी का उपवास छुड़वाने के लिये जो वचन दिया था, उसको उन्होंने अभी तक पूरा नहीं किया है । उन्होंने हरिजन और आदिवासियों के कल्याण के लिये इस काम में हाथ नहीं बटाया ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि वह ऐसी व्यवस्था करे कि सभी प्राइवेट सैक्टर के उद्योगों में हरिजनों और आदिवासियों को स्थान मिले । इसके लिये कानून बनाया जाये । रिजर्वेशन की बात के बारे में आज हम सोच रहे हैं, मगर गांधी जी ने 1927 में "यंग इंडिया" में कहा था कि हरिजनों और आदिवासियों को राष्ट्र के प्रवाह में ले जाने के लिये चौकस कदम उठाने पड़ेंगे । आज जो बात चल रही है, गांधी जी ने 1927 में कहा था । लुई फिशर की किताब है, उसमें गांधी जी ने कहा था :—

[श्री नवीन रवाणी]

"....I am unconcerned with the question of what place untouchables will have in any political constitution that may be drawn up. Everyone of the artificial props that may be set up in the constitution will be broken to bits if we Hindus do not wish to play the game.. This removal of untouchability is not to be brought about by any legal enactment.

"It will be brought about only when the Hindu conscience is accused to action and of its own accord removes the shame...."

गांधी जी ने कहा था कि मानस-परिवर्तन का सवाल हमें करना है और हरिजनों को भी उन्होंने कहा था । उन्होंने यह बात बताई थी—

"You must not ask the Hindus to emancipate you as a matter of favour. Hindus must do so, if they want, in their own interests. You should, therefore, make them feel ashamed by your own purity and cleanliness...."

महात्मा गांधी ने उस दफे बताया था कि दया के तौर पर हरिजनों के उत्थान की बात नहीं स्वीकार करनी चाहिये । अभी जो बहस चल रही है, यह हरिजनों पर कोई, (व्यवधान) दूसरी बात आरक्षण के बारे में यही कही जाती है कि बैकवर्ड क्लास के लोगों के कल्याण के लिए क्यों न सोचा जाये? सरकार ने उनके लिये योजना बनाई है, लेकिन हिन्दुस्तान में हरिजनों और आदिवासियों पर इतिहास के 2,000 वर्षों से जो जुल्म किया गया है, वैसा जुल्म इस इकनामिकली बैकवर्ड क्लास पर नहीं हुआ। इसलिए इनके लिए आरक्षण का सवाल उपस्थित नहीं होता ।

मैं सोच रहा था कि तबीबी छात्रों में करुणा और सहानुभूति होती है, मगर गुजरात में इतना आन्दोलन क्यों बढ़ गया? गुजरात सरकार ने उसके मामले में विचार किया, उनकी बात को स्वीकार भी किया, मगर आन्दोलन क्यों भड़का? बात यही है कि जब सरकार और छात्रों के बीच में समझौता हो रहा है, कुछ लोगों को ऐसा लगा कि समझौता हो जायेगा तो कांग्रेस सरकार के खिलाफ आन्दोलन का रास्ता नहीं निकलेगा, आन्दोलन नहीं हो सकेगा । जून, 1980 में प्रचंड समर्थन के साथ कांग्रेस सरकार बनी । और जनता ने विपक्ष को करारा जवाब दिया । जब आदमी निराश होता है, तो वह लोगों के बीच में नहीं जा सकता और सेवा नहीं कर सकता तब वह नैगेटिव राजनीति का अनुसरण करता है। वैसा रवैया इस समय गुजरात और सारे देश में विपक्ष द्वारा अपनाया जाना शुरू हुआ ।

सब से पहले जुलाई, 1980 में भारतीय जनता पार्टी ने बढ़ती हुई महंगाई के खिलाफ आन्दोलन की शुरूआत की । मगर उसे लोगों का समर्थन नहीं मिला, क्योंकि वह बेबुनियाद था, उसमें सच्चाई नहीं थी । इसलिए वह आन्दोलन ठप्प हो गया । फिर दूसरा आन्दोलन शुरू हुआ। लोक दल को लगा कि अब हमारी बारी आई । लोक दल ने कहा कि "किसानों को खेत की पैदाइश के ठीक दाम नहीं मिल रहे हैं" । लेकिन 1980 के मौसम में किसानों को मूंगफली का इतना दाम मिला, जो 1950 से ले कर अब तक कभी भी नहीं मिला था । फिर दूसरा आंदोलन भी ठप्प हो गया ।

गुजरात में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को विशेष तालीम दी जाती है । यह साफ है कि "तबीबी छात्र कभी भी बस नहीं जलाते, बैंक और दुकानें नहीं लूटते । ये काम कौन लोग करते हैं? क्या यह कहने की

जरूरत है? गुजरात में दसाज गांव में हरिजन बस्ती को जला दिया गया । उनकी तस्वीर अखबार में आपने देखी होगी । यह कौन करते हैं ? एक तरफ गांधीवादी समाजवाद की बात करना और दूसरी तरफ हरिजनों की बस्ती जला देना । मुख में राम, बगल में छुरी, यही बात इस समय चल रही है ।

गुजरात सरकार ने इस आन्दोलन को शान्त करने के लिए सब कुछ इन्तजाम किया है । मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि गुजरात में वर्ग-विग्रह करवाने की जो कोशिश हो रही है, वह एक भयानक बात है । वे लोग आग से खेल रहे हैं । उन्हें मालूम नहीं है कि यह आग सारे देश में फैल सकती है । उनको मेरा सुझाव है कि वे आग के साथ खेलने की चेष्टा बन्द करें । वे राजनैतिक दल विशाल दृष्टि कोण अपना कर और संकुचित मनोवृत्ति को छोड़ कर गुजरात के प्रमुख नेताओं से कहें कि वे इस आन्दोलन से दूर रहें । अगर उनके निदेश के बाद फिर आन्दोलन शुरू हो, तो मालूम हो जाएगा कि यह आन्दोलन असामाजिक तत्वों द्वारा चलाया जा रहा है, जिन्हें कड़ी से कड़ी सजा दे कर उसे बन्द कर दिया जाये ।

•SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Durgapur): Mr Chairman, Sir, I would like to speak today in the language of Kabiguru Rabindra Nath Tagore, that is in Bengali.

Sir, we are today discussing a resolution which seeks to take into consideration the agitation and the riots that are taking place in Gujarat and other places where brother is being killed by another brother. The main objective of our discussion to my mind is to consider it as a national issue and we have to adopt a constructive attitude and try to find out how best we can solve it. With pain and anguish I have to say that in Gujarat, the birth place of Mahatma Gandhi where he had launched the agitation for the upliftment of the people belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, a agitation is going on for the last two months over the question of reservation for these people in the field of education, employment and promotion and whether such reservations should be or should not be there. Sir, I would not like to take the time of the House for quoting statistics because my friend and the mover of the motion Shri Paswan has already done it. The real question is that in Gujarat today the down trodden, poor, oppressed classes and all those belonging to the lower strata of the society, and those belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes who work in field and in factories and who keep the life line of the nation going by upkeeping production are being harassed and oppressed, they are being physically attacked and their houses and mohallas are being burnt down and the flame of hatred is spreading towards Rajasthan. We have to assess the background of such events and factors that are contributing to such ugly incidents. Sir, we live in a society which is divided on class and caste basis where the rich fatten themselves by the labour of the poor, where the people belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes are treated as hated untouchables and suffer from multifarious disabilities. It is because of these disabilities that the Constituiton of India has provided for safeguards which will lead to the development of these down trodden people. Therefore, what I want to say is that day by day on the hand the economic condition of these neglected and oppressed people of the Scheduled Castes and Scheduled Tribs is deteriorating and on the other hand the army of unemployed people in the country is sweliing fast. There is acute unemployment among the Scheduled Castes and also non-

•The original speech was delivered in Bengali.

[Shri Krishna Chandra Halder]

Scheduled Caste people and employment is becoming scarce and limited. When this is the real situation, instead of trying to find a basic solution to it, we are trying to evade the real problem and are trying to find alibi and shortcuts. It is this deception, which has lead to the happenings in Gujarat and Rajasthan. The question that arises next is how the people of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes can earn their emancipation. How can they be freed from all social and economic disabilities and discriminations. Sir, we firmly believe that the path to freedom for all these neglected people lies in a joint struggle where the people of the Scheduled Caste and Scheduled Tribes should join their brothers belonging to the non-Scheduled Castes and who live below the poverty line, the minority Muslims and the poor caste Hindus below the poverty line should all join together and launch a relentless war against all social and economic disparities, against all exploitation against all forms of injustices and pull down the barriers that keep a vast majority of our population under bondage and economic fetters. It is in this joint struggle lies the hope of emancipation for all. We also feel that the constitutional provisions for safeguard and reservation for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes people as conferred in Articles 16 and 353 should also continue because even today in Andhra, Tamilnadu, Gujarat and Rajasthan such people are being denied the basic human rights, they still toil and suffer and the bondage of slavery and they live in a society where the laws are inequitous towards them, While we support reservation, we cannot shut our eyes to the realities of the situation because we have to make a realistic assessment to find out how far over all these 33 years these reservations have helped the people for whom they are meant in forging ahead and compete with others on equal footing. Needless to say with progress is shamefully negligible. Still we feel that with these reservation they would be able to go ahead and improve gradually. We also feel that all efforts should be made to set right the misunderstanding and in the matter of promotions also there should be reservation for the qualified and competent members of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. We also feel that for Post Graduate education for the boys belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes with minimum qualifications, there should be reservation and we support it. But I have no hesitation to say that the greatest weakness of the democratic movement as a whole, lies in the facts that we have failed to assess rightly the hopes and aspirations, pain and agony of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes people and we have failed to enthuse them to link them with the democratic agitations of the working class—the labourer, the peasants and the workers and we have failed to link them with these movements and consequently we have failed to bring them to national mainstream. Therefore, I would like to say very clearly that mere expression of sympathy by the ruling class and the people in Government for these people will not help them to solve their problem. What is needed is a firm will and an action oriented plan which should take into consideration their difficulties and solve them

17.28 hrs.

(Mr. Speaker in the Chair)

Mr. Speaker, Sir, I would appeal to all my friends belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes and their leaders that they should not keep their brothern delinked from the united struggle of the vast majority of the have nots for more than 50 per cent of our population live below the poverty line. There are many progressive elements among the caste Hindus who are against caste system. We have to take them also along with us. Only by joining such a joint struggle they would be able to free themselves from the

social injustices to which they have been doomed, and can free themselves from the banes of untouchability. This is the basic problem and this is the basic solution thereto. I would appeal to Babuji to take to this right path. But the most important step that should be taken in this direction is to introduce land reform in the country and give land to the tiller and those belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes people. It gives me a great sense of pride to say that the Government of West Bengal is pursuing this path in a very effective manner. By introducing reform in the Bargadari system, they are distributing land to the landless majority of whom belong to Scheduled Castes and Scheduled Tribes. Sir, before the mid-term election of 1980, Shri Bhola Paswan Shastri, Chairman of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Commission had gone to West Bengal and highly praised the work done by the West Bengal Government for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, people through land reform. During January, 1981, Shri Shastri visited my constituency and seen for himself how pattas of land were being given to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes people. Once again he expressed his full satisfaction on this account I will say that through a proper land reform and through a joint struggle by the exploited people we can end social and economic injustices which continue to victimise the people belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. Along with this is needed an urgent measure nationalise the industries of the monopolists. It is these monopolists and the feudal element in the country who will always try to baffle a joint struggle of the exploited people against the exploiters. It is these elements who will try to keep them divided. It is these elements who will engineer hatred amongst the different sections of the exploited class and engineer riots in the country. They are diverting the struggle for emancipation. There are the diversionary tactics of the vested interests which are responsible for the happenings in Gujarat, Rajasthan, Jamshedpur, Aligarh, Moradabad and in Assam. Sir, from the floor of this Parliament, I will appeal to the people of Gujarat and Rajasthan, in fact to all the people of our country, that they should immediately put an end to the fratricide. At the same time I will appeal to the Government that they should call a conference of all the political parties to arouse national consciousness which alone can curb the ugly divisive forces and which can infuse sanity among the elements which are indulging in riots on the reservation issue. Let there be an all out effort from a national plane to solve the present problem. And by tackling the basic problems, we should launch a joint struggle comprising all the Members of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, those belonging to the multitude under the poverty line to declare war against poverty and eradicate all social evils and economic inequalities and exploitation. We have to create a society free from exploitation. I would therefore say: Come one—come all. Come Hindus, come Muslims, come Christians—come one and come all. Let us arouse the national consciousness. Let us forget our differences of our parties. Can we not do it when the fire is ravaging the country in Gujarat, Jamshedpur and in Assam. As elected representatives of the people do we have no responsibility towards the nation? If we fail to rise to the occasion, posterity will not excuse us. If the vested interests, the divisive and the communal forces feel that they can put off the revolution of exploited against the exploiters for all times to come, them I must say that they are living in a fools paradise. If we cannot stop fratricide in Gujarat, Rajasthan, Moradabad, Jamshedpur, U.P. and Kashmir then we will have to pay a very heavy price for it. Out of this fire will emerge men of gold who will not be known as members of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes they will not be known as zamindars and the tillers they will not be

[Shri Krishna Chandra Halder]

known as Caste Hindus or Muslims but they will all form a society where every individual will enjoy equal social and economic status and they will be individuals all equal to one another and where the society will take care of his needs, his education and his development. I will appeal to all political parties and particularly to Government to adopt this path because Government has greater responsibility then all the rest. I am sure that if the Government adopts this path no opposition party will ever oppose them. I had hoped that when the Parliament is discussing a matter of national importance the Prime Minister, Shrimati Indira Gandhi will be here in our midest but she is not here. I feel sorry for this but let us not forget that the time is fast running out. We must call a national convention for all political parties and arouse national consciousness and with this national approach lead the country through the darkness of the tunnel to the bright sun-shine of equality for all individuals. We should end thase riots and Parliament should give proper direction and leadership to the nation. If we fail to do it then the peoples faith in Parliamentary democracy will end. They will take to the path of revolution, set a new social order and create a new society where everyone will be equal and there will be no exploitation, no class hatred, no inequality and no untouchability.

SHRI C. D. PATEL (Surat): Mr. Speaker, Sir, I will confine myself to the agitation in Gujarat. So far as the agitaiton in Gujarat is concerned we have to see the root cause of the agitaiton and will have to go deep into it. But one need not bother to probe deep into it. The very reading of the agitaiton will show as to what was the root cause of the agitation.

So far as the reservation of seats in post-graduate medical course is concerned it started in the year 1975 and at that time there was Governor's rule. After the Governor's rule when Janata came over they ratified the action taken by the Governor. Now, there was no agitation from 1975 to 1981 and the agitation started in the year 1981. Sir, this is because Mr. Solanki's government has taken over and they are toying with the idea of toppling Mr. Solanki's government. There were two agitations which were sought to be made out political issues but when they failed in those agitations they came up with this agitaiton.

Sir, I will not go in detail so far as the carry-forward system or interchangeability law are concerned. These are the issues which have been discussed thread-bare but so far as the demand of the medicos is concerned I will illustrate my point by giving one example. So far as Ahmedabad B. J. Medical College is concerned there are 65 seats in respect of post-graduate studies. Out of these sixty-five if the present rule is to be seen and carry-forward system is to be allowed then there are thirty-eight seats for non-reserved categories and twenty-seven seats for reserved categories because of dispensing with the carryforward system ten seats have gone. So forty-eight seats are for non-reserved categories. Out of these sixty-five only seven seats are today filled up by reserved category. Now, they say that fifty-eight seats are for non-reserved categories and seven for reserved categories, are not enough. They said that on the question of merit, the meritorious students should not suffer. Then the Gujarat Government said that they are going to raise the seats. Then the question of selection of subjects came. They said: We don't mind if you raise the number of seats: but we are not ready to allow the selection of subjects challenging the roster. So far as the Medico's demand of Housemanship and Registership is concerned, this demand is most unreasonable. This demand cannot be acceded to. It goes at the root of the policy of reservation and so it cannot be accepted. So

far as the policy adopted by the Gujarat Government as a whole is concerned, I submit that there should not be any effort to bypass the policy of reservation. The Gujarat Government only wanted to see that meritorious students should be accommodated and meritorius students should not suffer. These steps taken by the Government of Gujarat were taken only to protect the interests of these meritorious students. But that is not at all detrimental to the interests of the reserved categories like scheduled castes and scheduled tribes. So, Sir, the action which has been taken by the Government is Gujarat is correct. The action has been rightly taken by the Gujarat Government.

Then I come to the agitaiton part of it. So far as agitation is concerned what happened was this. In addition to agitation simultaneously, they challenged this thing in the Gujarat High Court also. There were various judgements in this respect from 1962 till 1981 from various High Courts and in the Supreme Court. Now, Sir, the recent judgment of the Gujarat High Court has not been challenged in the Supreme Court. Now they say that they will take the issue to the Streets. This is not democratic. The cardinal principle of democracy is that if a person or a group of persons are aggrieved about something then the only course left open for them is to go to a Court of Law where it is required to be challenged. They have challenged it right from 1962 till 1981, as I mentioned earlier. My friend Mr. Chatterjee has quoted some paras from the Supreme Court Judgment. All those judgments go to show the *ratio decidendi* laid down by those judgments that reservation is a fundamental right and it has got to be protected. Sir, it has been enshrined in our Constitution and it has been accepted by all. If any law is unconstitutional or invalid, then, remedies to challenge it in a Court of Law are there and that can be resorted to. And if the law is ultimately found by the Courts to be legal and valid, then, the other alternative in democratic pattern, is the Elections. You can challenge it democratically by way of Elections. In Gujarat what has happened? We have had three elections so far in Gujarat within one year. In all those election that particular section which is clamouring for all these things got defeated. Since they could not succeed in any court of law or in any of these three elections held so far in the course of one yar, they are now toying with the idea of creating some trouble or the other for the Gujarat Government. It is an utterly undemocratic way of dealing with things. Sir, take th 1975 incident or episode. It had been widely and systematically propagatd that in 1975 Mr Viswanathan, who was the then Governor of Gujarat, wanted his son to be admitted and that is why these things were done. Now immediately there was a Press Statment which was issued categorically stating that his son was not to be admitted in 1975; his son was already admitted in 1973 and so on. The then Governor Mr Viswanathan does not belong to any scheduled caste or scheduled tribe. But unnecessarily this sort of propoganda was carried on and it was proved how this propaganda was false and malicious

With regard to the preservation of law and order and preventing atrocities on Harijans, I am very definite that the Gujarat Government and the present Chief Minister have dealt with the situation very effectively and very deftly and diligently.

So far as Ahmedabad is concerned there are 18 police stations under the Ahmedabad Police Commissioner's jurisdiction and out of 18 police stations there is no curfew in 14 and curfew is there only in four of these police stations and they are the hotbed of RSS elements which are creating such troubles to dislocate law and order; that is why in those pockets the agitaiton continued. My respectful submission is this. Now, they are not getting popular support so far as Gujarat people are concerned. So far as the law and order situation is

[Shri C. D. Patel]

concerned, my esteemed friends have submitted in their glorious speeches that there were atrocities on the Harijans. But I would reiterate that so far as protection to the Harijans are concerned, not only the Harijans but all classes of people are concerned, they are being protected well. So far as the Gujarat Government is concerned, my submission is that there is no atrocity made on Harijans. So far as the Police is concerned, a very systematic move is being made that the Police is being attacked by the agitators. (*Interruptions*) Now, our respected Member Babu Jagjivan Ram has made a reference regarding one memorandum circulated by one Shri Daya Bhai Parmar, ex-MP, who belongs to the Janata Party. That memorandum was not supplied to the Home Minister and the Chief Minister of Gujarat and as soon as this fact brought to their notice they immediately contradicted the words which were sought to be put in their mouth. It was circulated in Delhi and not in Gujarat. But I agree with the principle envisaged in the Memorandum. The Chief Minister of Gujarat and the other Ministers of the State Government have declared very categorically and in an unequivocal term that they would rather quit power than accept the abolition of the reservations. We will not budge an inch in this respect. This fact was not brought out in that memorandum.

My respectful submission to everyone in this House as also outside is that we will have to view the situation very seriously. This attack will shatter the very fabric of the society and the very fabric of the democratic set up. So far as Gujarat is concerned, so far as South Gujarat is concerned, so far as Surat and Bulsar districts are concerned, at least 75 per cent of the population residing in those districts fall in the reserve category. There is not a single village in Bulsar district where the population coing under reserved category is not less than 50 per cent. They are challenging the very fabric of the society and the democratic pattern that is followed in this country. We do not know where this agitaiton will lead us to If these things are allowed to continue, then this will lead us to a caste war which will ultimately result in class-war. It is very urgent that this agitation should be called off immediately. So far as this august House is concerned, everyone should condemn the present agitation in Gujarat.

My last point is this. So far as the agitation is concerned, with all sincerity, I submit that this will lead us to a very dangerous and disastrous situation which will not be in the interest of the country as a whole. If it flares upto the rest of the State and to the neighbouring States, then in that case we will be inviting a caste war and class war. If the upper class is the wrap, then the weft is the weaker section. So, the fabric is to be kept in tact without ignoring a single section of the society. This is a very serious matter and it is required to be dealt with in all seriousness. My respectful submission is and I would appeal to this august House that we may all unite together and condemn the agitaiton with one voice. A particular section is interested in this and they are toying with the idea of toppling the State Government. That must not be allowed. We must rise to the occasion. I most sincerely pray and hope that the hon. Members would agree to this so that the situation is not allowed to worsen.

श्री बैनूल बशर (गाजीपुर): आदरणीय अध्यक्ष जी, आज यह माननीय सदन देख कि बहुत ही गंभीर समस्या पर विचार कर रहा है। आज गुजरात में जो आग लगी है, उसका असर राजस्थान में भी पहुंच चुका है, यू. पी. में भी पहुंच रहा है, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में भी उस आग की लपटें पहुंचना चाहती हैं। मैं प्रधान मंत्री का, केन्द्रीय सरकार का और गुजरात सरकार का आभारी हूं, उनको धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने साफ-साफ कह दिया

कि आरक्षण के बारे में कोई बातचीत नहीं हो सकती।

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*]

17.52 hrs.

श्री चंदूलाल चन्द्राकर: सभापति जी, सरकार ने करेक्ट स्टैप लिया है, लेकिन इस समस्या से निपटने के लिए सरकार को गंभीरता से सोचना होगा। यह एक राष्ट्रीय समस्या है और आरक्षण के बारे में किसी भी राजनीतिक दल की दो मत नहीं हैं। देश के संविधान निर्माताओं ने आरक्षण इसलिए रखा था कि सदियों से दबा हुआ, सदियों से कुचला हुआ गरीब हरिजन, आदिवासी, जो इस देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा है, उनके साथ न्याय होना चाहिए। जिनके साथ सदियों से अन्याय होता रहा है उनको राष्ट्रीय धारा में बराबर का हिस्सा मिल सके, वे आगे आ सकें, वे तरक्की कर सकें, इसके लिए संविधान निर्माताओं ने यह एक सही फैसला किया था। इसके लिए देश के उच्च-वर्ग के लोगों को, देश के आगे बढ़े हुए लोगों को कुर्बानी देनी होगी, कुछ सेक्रीफाई करना पड़ेगा, तभी उन लोगों की क्षतिपूर्ति हो सकती है।

सभापति महोदय, इस मामले में देश के सभी लोग राजी थे, सारी जनता राजी थी और इस मामले में कोई दो मत नहीं थे, लेकिन आज गुजरात से यह जो आग शुरू हुई है और कुछ लोग इस आग को भड़काना चाहते हैं, अगर यह आग देश के बड़े हिस्सों में फैल गई तो इस बात की आशंका है कि हमको एक नेशनल क्राइसिस से गुजरना पड़ेगा, एक राष्ट्रीय संकट से गुजरना पड़ेगा और सारा देश गृह-युद्ध या सिविलवार की चपेट में आ जाएगा। यह सिविल वार अमेरिकन सिवल वार की तरह नहीं होगा जहां कुछ रियासतें कुछ रियासतों के साथ लड़ी थीं, जहां अमेरिका का दक्षिणी भाग अमेरिका के उत्तरी भाग से लड़ा था, अगर यह गृह-युद्ध हमारे देश में फैल गया तो गांव-गांव, शहर-शहर, मोहल्ले-मोहल्ले और एक-एक घर को अपनी चपेट में ले लेगी। इसलिए सभापति महोदय, यह एक नेशनल क्राइसिस है, जिसकी तरफ हम तेजी से बढ़ रहे हैं। हमें इसे रोकने का प्रयत्न करना चाहिए। इसे रोकने के लिए सभी की सहमति होनी चाहिए। अब वह समय नहीं है कि हम यहां से बैठे-बैठे विरोधी दल के लोगों की आलोचना करें और विरोधी दल के लोग यहां बैठे-बैठे हमारी आलोचना करें। इस मामले में सब की सहमति होनी चाहिए। जब बाहर से हमारे देश पर आक्रमण हुआ तब हम एक आदमी की तरह एक जुट हो गए थे, पूरा राष्ट्र एक जुट हो गया था और आक्रमणकारी का हमने एक जुट हो कर मुकाबला किया था तो आज जब आंतरिक खतरा है तो उसका मुकाबला करने के लिए हम सब लोग एक जुट नहीं हो सकते हैं? हमें एक जुट होना चाहिये। जब तक हम एक जुट नहीं होंगे तब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

गुजरात में हरिजनों पर अत्याचारों के समाचार मिल रहे हैं। इस सदन में और इस सदन के बाहर भी समाचारपत्रों ने लिखा है कि गुजरात पुलिस ने हरिजनों पर अत्याचार किया है। पुलिस के लिए यह कोई नई बात नहीं है। पुलिस में कुछ ऐसी मनोवृत्ति के लोग हैं जो जब भी माइनोरिटीज, कमजोर वर्ग के लोगों, आदिवासियों या शेड्यूल्ड कास्ट्स का मामला आता है हमेशा उन पर अत्याचार करते हैं। हरिजनों पर ये अत्याचार महात्मा गांधी के प्रदेश में हुए हैं। महात्मा गांधी जिन्होंने हरिजनों के उद्धार का नारा दिया, जिन्होंने इस देश को एक राष्ट्र बनाया, जिन्होंने उन पर दया ही नहीं बल्कि उनके साथ न्याय करने की बात भी कही, उनके प्रदेश में ऐसा हुआ। जिन्होंने इस देश को एक राष्ट्र के रूप में उभारा उसके प्रदेश में—मैं नहीं जानता, मुझे जान कर खुशी होगी अगर कोई मेरे सामने इस तरह की मिसाल पेश कर दे,—कोई भी गांधीवादी जब हरिजनों को मारा जा रहा था तो सामने नहीं आया। अगर एक भी गांधीवादी की हरिजनों को बचाते हुए हत्या हो जाती, उसका खून बह जाता तो महात्मा गांधी की आत्मा संतुष्ट हो जाती। गुजरात में गांधीवादी विचारों के बहुत अधिक लोग हैं, बहुत ज्यादा लोग उनकी विचारधारा से प्रभावित हैं। लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि एक भी गांधीवादी किसी

[श्री जैनुल बशर]

भी हरिजन को बचाने के लिए सामने नहीं आया, उसने अपनी कुर्बानी नहीं दी ।

आज कुछ शक्तियां ऐसी हैं जो आरक्षण के खिलाफ लोगों को उकसा रही हैं, जो इस झगड़े का फायदा उठा कर लोगों को उनके खिलाफ एक जूट करना चाहती हैं । हम तेजी के साथ कनफ्रंटेशन की तरफ बढ़ रहे हैं । जो भी एजीटेशन कर रहे हैं उन लोगों से मैं कहना चाहता हूं कि सारी राजनीतिक पार्टियां सिद्धान्तों और कार्यक्रमों के आधार पर बनने के बजाय जातीय आधार पर बनने लग जाएंगी, राजनीतिक पार्टियों के बीच समझौते सिद्धान्तों और कार्यक्रमों के आधार पर न हो कर जातीय आधार पर होने लग जाएंगे तो इस देश में जितने भी मूल्य हैं, जितनी भी वैल्यूज हैं वे सब समाप्त हो जाएंगी, यहां तक कि हमारा जनतंत्र भी खतरे में पड़ जाएगा। इसलिए हमें कनफ्रंटेशन से बचाना चाहिये। जाति के नाम पर हम को एक जूट नहीं होना चाहिए । जाति के आधार पर नहीं सोचना चाहिए । जातियों के साथ समझौते जातियों के खिलाफ करने की बात नहीं सोचनी चाहिए । इससे किसी भी जाति का फायदा नहीं होने वाला है, किसी व्यक्ति का फायदा नहीं होने वाला है और हमारे राष्ट्र का नुकसान अवश्य होने वाला है, जिन मूल्यों के लिए हमारे फोर फादर्ज ने कुर्बानियां दीं, जिन मूल्यों के लिए हमने कुर्बानियां दी उन मूल्यों पर आघात अवश्य होने वाला है ।

सभापति जी, ऐसी स्थिति में यह प्रभुता सम्पन्न सदन है, यहां सभी वर्ग के प्रतिनिधि हैं, सभी राजनीतिक दलों, सभी जातियों वर्गों और समप्रदायों तथा सभी भाषाओं के बोलने वाले लोग हैं, हमको सबसे पहले इस सदन में एक कांसेन्शस बनानी चाहिये। और वैसे भले ही हम एक दूसरे के खिलाफ खड़े हो जायें, लेकिन मैं जानता हूं कि सभी का हृदय कांप रहा है, सभी गम्भीरता से सोच रहे हैं और चाहते हैं कि इस तरह का कोई कांसेन्शस बने । मैं एक राय देना चाहता हूं मैं चाहता हूं कि गुजरात में गृह मंत्री के साथ सभी राजनीतिक दलों के नेता सर्वश्री वाजपेयी, चरण सिंह, बाबू जगजीवन राम, चन्द्रशेखर, मधु दंडवते, इन सब का एक पीस मिशन गुजरात और राजस्थान में भेजा जाय जो अहमदाबाद और जयपुर में जा कर लोगों से अपील करे कि आप आन्दोलन बन्द कर दीजिये क्योंकि यह राष्ट्रीय हित के विरुद्ध है, देश की भावनाओं के विरुद्ध है, महात्मा गांधी के आदर्शों के विरुद्ध है। सारे राजनीतिक नेता इस बात को भूल जायें कि किस से किसको फायदा और नुकसान होने वाला है, बल्कि यह सोचें कि यह एक राष्ट्रीय समस्या है और उसी रूप में इसको लेना चाहिये।

18 hrs.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (नई दिल्ली): सभापति जी, मैं आशा करता था कि गुजरात के बारे में आज की चर्चा कुछ दूसरे वातावरण में होगी। मैं आशा करता था कि इस चर्चा के दौरान सदन की नेत्री प्रधान मंत्री उपस्थित रहेंगी ।

कुछ माननीय सदस्य: प्रधान मंत्री जी आ गयीं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: मैं यह भी आशा करता था कि सदन की ओर से इस सम्बन्ध में कोई बात एक स्वर से कही जायगी जो बात उमड़ी हुई भावनाओं को शांत कर सके, आरक्षण के सवाल को उसके सही परिपेक्ष्य में रख सके और उस संकल्प को दोहरा सके जो संकल्प इस सदन ने कुछ ही महीने पहले विधान मंडलों और संसद में रिजर्वेशन की अवधि को 10 साल बढ़ाने का फैसला करके किया था । इस सदन को उस संकल्प को दोहराने की जरूरत है कि सेवाओं में और शिक्षाओं में आरक्षण की जो नीति अपनायी इसने वह एक राष्ट्रीय नीति है, सारा सदन उस नीति से बंधा हुआ है, और इस नीति पर दृढ़ता से अमल करने की आवश्यकता है । लेकिन मैं देख रहा हूं कि कोई सर्वसम्मत प्रस्ताव लाने का प्रयत्न नहीं किया जा रहा है ।

कुछ माननीय सदस्य: प्रस्ताव आ रहा है ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : सत्तारूढ़ दल यह मामला विरोधी दलों पर नहीं छोड़ सकता। दो तिहाई बहुमत आपका है, शासन के सूत्र आपके हाथ में है।

एक माननीय सदस्य : यह राजनीति है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अगर आपको राजनीति दिखाई दे रही है तो फिर आप राष्ट्र नीति को कभी नहीं समझ सकते।

सभापति जी, मेरी कठिनाई यह है कि प्रस्ताव आ रहा है और आयेगा तो मैं क्या बोलूं।....

SHRI INDRAJIT GUPTA (Basirhat): Don't spring a Resolution on us suddenly, without letting us see the draft. Everybody wants a Resolution, a unanimous Resolution. But don't suddenly produce a Resolution and say, "Pass it."

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : और अगर प्रस्ताव आ रहा है तो फिर भाषण देने की जरूरत नहीं है प्रस्ताव रख दीजिये। we have not been consulted in drafting a Reolutions. Sir, they want to spring a surprise.

सभापति जी, आज मैं आरोप-प्रत्यारोपों में फसना नहीं चाहता। दोषारोपण समस्या का हल नहीं है। बलि के बकरे की तलाश हमें कहीं नहीं ले जायेगी। आप अगर आरोप करें, मैं प्रत्यारोप करने के लिये तैयार हूं। मैं यह भी नहीं कहना चाहता कि उस दिन श्री मकवाना ने सदन को गुमराह करने की कोशिश की, मैं नहीं कहना चाहता।

सर्वोदयी नेता ने अपमदाबाद में जो बैठक बुलाई थी, उसकी सूचना हमको नहीं मिली थी। लोक-दल को तो निमंत्रण दिया ही नहीं गया था। हमारे एक कार्यकर्ता की मृत्यु हो गई थी, सब लोग उसकी शव-यात्रा में लगे थे। सर्वोदयी नेताओं ने बैठक में ऐलान किया कि भारतीय जनता पार्टीवालों से सम्पर्क नहीं हो सका है, लोकदल वालों को बुलाया नहीं गया है, फिर भी मकवाना साहब ने सदन में आकर इस तरह का आरोप लगा दिया, यह चीज हमें दुःख पहुंचाती है।

एक माननीय सदस्य : आप नहीं कहिये

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अब मैं नहीं कहता, जाइये।

गुजरात में पोस्ट ग्रेजुएट मैडिकल कोर्सेज के डाक्टरों को अपना आन्दोलन जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है, कोई कारण नहीं है। यह बात मैंने अहमदाबाद में डाक्टरों से कही थी। जब हम मुख्यमंत्री से मिले और मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि कैरी फार्वड की प्रथा समाप्त कर दी गई है, इंटर-चेंजेब्लिटी की प्रथा समाप्त कर दी गई है। अगर शिडयूल्ड कास्ट और शियूडयूड लाइब्ज के विद्यार्थियों को स्थान देते से कोई योग्य विद्यार्थी वंचित होता है तो गुजरात की सरकार ते यह भी कहा कि हम उसके लिये अतिरिक्त स्थान बना देंगे।

इसमें कुछ व्यवहारिक कठिनाइयां हो सकती ट्ट आगे जाकर, मगर हमने डाक्टरों से कहा कि इन व्यावहारिक कठिनाइयों के बारे में सरकार से बैठकर बात करें।

SHRI A. K. ROY (Dhanbad): Do you support the steps of the State Government.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Yes, I do support them.

SHRI A. K. ROY: We do not support it. This is nothing but a surrender.

समापति महोदय : आप बोलिये।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैं तो बोलूंगा ही।

सरकार ने जब यह बातें स्वीकार कर लीं तो फिर आन्दोलन को जारी

[श्री अटल विहारी वाजपेयी]

रखने का कोई औचित्य नहीं था। मगर मुझे ऐसा लगता है। कि आन्दोलन मैडिकल कालेज के विद्यार्थीयों के हाथ से निकल गया है।

मुझे स्कूल के विद्यार्थी मिले कि इस सम्बन्ध में भारतीय जनता पार्टी की नीति ठीक नहीं है। मैंने कहा कि आपसे रिजर्वेशन का क्या मतलब ? तो कुछ विद्यार्थीयों ने कहा कि हमारी परीक्षाएं होने वाली है, हम चाहते है कि वह परीक्षाएं टल जायें। अगर आन्दोलन बढ़ेगा तो परीक्षाएं टल जायेंगी, हो सकता है कि बिना परीक्षा के हम को पास कर दिया जाये। यह लड़कपन है, मगर बड़ा खतरनाक खेल है।

आरक्षण की नीति जिस तरह से अमल में लाई गई है, उसमे कुछ शिकायतें है और उन शिकायतों को देखा जाना चाहिये। उदाहरण के लिये पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल कोर्सेज में भी केवल 9 राज्यों में आरक्षण है, बाकी के राज्यों में नहीं है।

मेरा निवेदन है कि यह मामला गुजरात तक का नहीं है, जैसा अभी एक माननीय सदस्य कह रहे थे और उस दिन भी भाषण में मैंने सुना। जिन्हें आरक्षण का लाभ मिलने वाला है और अगर वह यह कहें मैं जानता हूं कि कांग्रेस पार्टी की इसमें मुश्किल है, गुजरात में आरक्षण किसा था जनता सरकार ने और वर्तमान सत्तारूढ़ दल में भी ऐसे सदस्य हो सकते हैं जो यह कहे कि जनता सरकार ने जो दिया था, वह इंटरचेंजेबिलटी आपने क्यों खत्म कर दी, कैरी फार्वड क्यों समाप्त कर दिया ? जगह खाली रखिये जब शिड्यूल्ड कास्ट और शिडयूल्ड ट्राइवस के लड़के आयेंगे, तब जगह भरी जायेगी। यदि ऐसा कहा जाये तो इसमें भी बल है।

जहां राज्यों में यह मांग नहीं है, जहां अभी आरक्षण नहीं है पोस्ट ग्रैजुएट मैडिकल कोर्सेज में, वहां अगर यह मांग होने लगे कि 9 राज्यों में आरक्षण है, यहां भी करो ? उस समय प्रतिक्रिया क्या होगी ?

दूसरी ओर जहां 9 राज्यों में आरक्षण है, वहां यदि यह मांग होती है कि अगर गुजरात में इंटरचेंजेबिलटी खत्म हो सकती है, कैरी-फार्वर्ड खत्म हो सकता है, तो और राज्यों में क्यों नहीं खत्म होना चाहिये ?

इसलिए ख़ाली गुजरात के मामले को नहीं देखना चाहिए। मैं इस मामले को केवल सीटों का मामला भी मानने के लिए तैयार नहीं हूं। आरक्षण की सारी व्यवस्था इस बात पर टिकी है और टिकी थी--उसका आरम्भ इस बात में से हुआ कि समाज एक है, सैकड़ों वर्षों से हमारे कुछ बंध उपेक्षित रहे है, दलित रहे है, पीड़ित रहे है, अब उनके साथ हमें न्याय करना है और इसमें अगर थोड़ा सा अन्याय उनके साथ हो जाये, जो सैकड़ों सालों से आगे रहे है, तो कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए समाज की एकता को कायम रखने के लिए यह कीमत देनी पड़ेगी।

मगर मैंने गुजरात में देखा है कि जो डाक्टर अच्छे लोग है, जो नौजवान आन्दोलन कर रहे है, मैं उनकी निन्दा नहीं करना चाहता हूं, वे अच्छे लोग है, लेकिन हम उनको यह समझाने में असमर्थ रहे हैं कि अगर 22 रजिस्ट्रार होते हैं और उनमें से एक शिडयूल्ड कास्ट का रजिस्ट्रार हो जाये, तो उन

आपत्ति क्यों होनी चाहिए । हम उनको नहीं समझा सके हैं। केन्द्रीय सचिवालय में काम करने वाले अपर कास्ट के कर्मचारियों को समझाना मुश्किल हो रहा है।

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the chair*]

18.11 hrs.

इस सवाल ने सब दलों को बांट दिया है। कांच के घर में रहने वाले दूसरों पर पत्थर फेंकने की गलती न करें। इस सवाल ने सभी दलों को बांट दिया है, ट्रेड यूनियन्ज को बांट दिया है। यह हमारे समाज की एकता की जड़ पर कुठाराघात कर रहा है, और राष्ट्र की एकात्मता खतरे में है।

लोग वर्तमान संकट को सिविलाइजेशन क्राइसिस कहते हैं। तब हम यह नहीं समझते थे कि ऐसा वर्णन क्यों किया जा रहा है। ख्याल था कि वर्तमान संकट आर्थिक है या राजनीतिक है।

एक माननीय सदस्य : क्राइसिस आफ़ सिविलाइजेशन।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : सिविलाइजेशनल क्राइसिस और क्राइसिस आफ़ सिविलाइजेशन एक ही बात है।

प्रो० मधु दंडवते (राजापुर) : ट्रांसलेशन तो एक ही है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : बड़ी कठिनाई के दिनों में भी, विदेशी आक्रमण के जमाने में, पराधीनता के काल में, भेदभाव होते हुए समाज कुरीतियों से ग्रस्त था, इसके बावजूद एक विश्वास, एक भाई-चारा, कहीं न कहीं ममता, कहीं न कहीं आत्मीयता हम बनाए रखने में सफल हुए थे। वह ममता खत्म हो रही है, विश्वास टुकड़े टुकड़े हो रहा है। यह कुछ सीटों का मामला नहीं है, कुछ नौकरियों का सवाल नहीं है। अगर विश्वास मिट गया, तो फिर कोई व्यवस्था, कोई कानून कोई नियम उस स्नेह को पैदा नहीं कर सकता है, जिसके बल पर समाज साथ चलता है, कदम मिला कर आगे बढ़ता है।

इस लिए आवश्यकता इस बात की है कि हम इस संकल्प को दोहराएं कि जो रिजर्वेशन है, वह जारी रहेगी। मगर नई पीढ़ी को विश्वास में लेने की जरूरत है, उसे समझाने की जरुरत है, उसके सामने आंकड़े रखने की जरुरत है। जो प्रोबलम का डाइमेंशन है, वह पोस्ट ग्रेजुएट में तो है ही नहीं। वहां के मेडिकल कालेज के विद्यार्थी कहने लगे कि साहब, जो योग्य नहीं है, वह कैसे पढ़ा सकता है। हमने पूछा कि अगर 94 टीचर्ज हैं, और उनमें एक शिडयूल्ड कास्ट का आ गया, तो क्या स्टैंटर्ड गिर जायेगा। यह नहीं हो सकता है।

एक माननीय सदस्य : डोनेशन देकर कालेजों में प्रवेश पा रहे है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : डोनेशन से आ रहे हैं। अहमदाबाद में म्यूनिसिपल कार्पोरेशन का जो कालेज है, उसमें ट्रस्टियों के उम्मीदवार आ रहे है। वे पैसे से आते हैं, योग्यता से नहीं। उनके बारे में हमारे मन में थोड़ी सी भी आपत्ति नहीं होती है। मगर यह अनुभूति कि ये हमारे भाई हैं, ये हमारे रक्त के रक्त, हमारे मांस के मांस है, हम अपने साथ थोड़ा अन्याय करेंगे लेकिन शिकायत नहीं होने देंगे, यह अनुभूति मर रही है।

यह राजनीति का खेल नहीं है। मैं चाहता हूं कि प्रधान मंत्री सदन में होतीं। वह बड़े नपे-तुले वक्तव्य दे रही हैं, बड़े संतुलित वक्तव्य दे रही है। मगर जब लोगों की भावनायें उभरती है,

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

वे तो जिस तरह से मतलब निकाल लेते हैं, मैं इसका एक उदाहरण देना चाहता हूं।

"Dr. Murgesh Vaishnav, president of the action Committee of the agitating medicos, welcomed Mrs. Gandhi's statement in Delhi that meritories students should not suffor due to reservation.'

Dr. Vaishnav said, "we would like to congratulate her for taking a bold stand on the reservation issue."

जो आन्दोलन कर रहे हैं, यह उनके नेता है। वह प्रधान मंत्री के वक्तव्य में अपने लिए समर्थन देख रहे हैं। हमारे शिडयूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज वाले बंधु अपने लिए समर्थन देख रहे हैं।

श्री जगजीवन राम (सासाराम) : नहीं, हम अपने लिए समर्थन नहीं देख रहे हैं। यह बहुत घातक वक्तव्य है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मेरा निवेदन है कि यह मामला चतुराई से हल नहीं होगा। और यह मामला दोषारोपण से भी हल नहीं होगा। अगर आप सारा श्रेय हमें देना चाहते हैं ....

एक माननीय सदस्य : तो हम लेने के लिये तैयार हैं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : नहीं, हम इस के लायक ही नहीं हैं, हमारी शक्ति नहीं है और हम कन्विन्स्ड भी नहीं हैं। कन्विन्स्ड होंगे तो डंके की चोट पर कह देंगे। हम वोट के लिए राजनीति में नहीं आए हैं हम ने सत्ता के लिए सिद्धांतों का सौदा नहीं किया है। मगर हम कंविन्स्ड हैं कि ये जो पिछड़े लोग हैं इनके साथ न्याय करना होगा। मगर नयी पीढ़ी को कैसे समझाएं? एक कम्यूनिकेशन गैप है और यहां सरकार विफल रही है।

आप आंकड़े उठा कर देखें, मेरे पास रिजर्व बैंक के आंकड़े हैं। कोई समझता ही नहीं है कि समस्या है क्या? आप रिजर्व बैंक के आंकड़े देखिए सेंट्रल बैंक आफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक—इन में पन्द्रह परसेंट होना चाहिए और कहीं एक परसेंट से भी ज्यादा नहीं है। किस को हम दोष दें? और आप जानते हैं बैंकों में क्या हो रहा है? बैंकों का मैनेजमेंट कहता है कि ट्रेड यूनियन के साथ हमारा ऐग्रीमेंट है और ट्रेड यूनियन सब आर एस एस नहीं चलाता, की जे० पी० नहीं चलाता, हमारे और मिल भी ट्रेड यूनियन चलाते हैं। इस सवाल पर वह कहते हैं कि मैनेजमेंट का और ट्रेड यूनियन का समझौता हो गया है, रिजर्वेशन लागू होता है, या नहीं होता है, इस चक्कर में मत पड़िए। यह चीज ट्रेड यूनियन को भी बांटती है।

मेडिकल कालेज में आप देखें कितने लोग हैं। मगर एक बात नौजवानों की समझ में यह नहीं आती कि सैकड़ों साल से अन्याय हुआ है। वह कहते हैं कि ठीक है, सैकड़ों साल से अन्याय हुआ है तो हम ने तो नहीं किया, हम क्यों भुगतें? उसके हृदय में यह समवेदना नहीं है, वह दर्द नहीं है और तैंतीस साल में अगर हमने कोई बात खोयी है तो यह दर्द खोया है, यह संवेदना खोयी है, यह भाईचारा खोया है। सारे प्रश्नों का दुर्भाग्य से सारे मामले का राजनीतिकरण हो गया है। देश दलों में बंट गया है और दल जातियों में बंट रहे है। देश ही नहीं बंटा है, दल ही नहीं बंटे है दिल भी बंट गए हैं।

इस सदन में बड़ी बड़ी बात कहने से नहीं होगा। बाहर की लड़ाई कौन लड़ेगा। एक दल नहीं लड़ सकता, मैं मानता हूं। अभी यह शिक्षा-संस्थाओं तक मामला है। अब गुजरात के कर्मचारी मांग कर रहे

हैं। उनसे पूछो कि क्या रिक्रूटमेंट में शिकायत है? कहते हैं कि रेक्रूटमेंट में तो चल सकता है, मगर प्रोमोशन हमारी समझ में नहीं आता जो हमारा जूनियर है वह सीनियर हो जाता है। मैं भी उनको संतुष्ट नहीं कर सकता। रेक्रूटमेंट में रिजर्वेशन समझ में आ सकता है, प्रोमोशन में भी सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दे दिया कि प्रोमोशन में ठीक है और हम उस पर अमल कर रहे हैं। लेकिन जो दफ्तर में बैठा हुआ है वह कहता है कि यह बात ठीक नहीं है। आप उन्हें सुविधाएं दे कर सब के बराबर ले आइए मगर एक बार बराबर ले आइए तो छोड़ दीजिए। जो आगे जाता है वह आगे जायगा। वह मुझे रोस्टर दिखाते हैं कि पांच साल बाद डिप्टी सेक्रेटरी कौन होगा? मैं तो कह सकता हूं कि कोई भी डिप्टी सेक्रेटरी हो उसकी चिन्ता नहीं है, हो जाने दो, अपना ही भाई है मगर यह आर्थिक प्रश्न है, रोटी का सवाल है। व्यक्ति ऐसा अर्थमय हो गया है कि राष्ट्रीयता समाज की एकता, बन्धुता, भाईचारा, स्नेह, ममत्व, ये मूल्य आज किसी को अपील नहीं करते हैं। यहां हम विफल हुए हैं।

अभी सर्वोदय नेताओं की बात हो रही थी। ऐसा नहीं है कि सर्वोदय नेताओं ने निन्दा नहीं की है। मगर सर्वोदय नेताओं की भी सीमा है। राजनीति सब पर छा गई है। राजनैतिक नेताओं की बात हर मामले में चलती है। सर्वोदय वालों को हम ने पूछा कब है? अब गुजरात में संकट पैदा हो गया तो हमें सर्वोदय वालों की याद आ गई। मगर जब राजनीतिक को नैतिकता पर चलाने का सवाल आता है तो सर्वोदय वालों की बात कोई नहीं सुनता। तब सत्ता का लज्जाजनक खेल चलता है। आज एक एक संस्था टूट रही है, एक एक मान्यता मिट रही है, एक एक परम्परा पैरों तले रौंदी जा रही है। जो सत्ता में हैं वह सत्ता में रहना चाहते हैं और जो विरोधी दल में हैं वे ऐसे मौके का फायदा उठा कर थोड़ा सा लाभ उठाना चाहते हैं। मगर हमारे कांग्रेसी मित्र इसकी शिकायत न करें। उत्तर प्रदेश में लोक दल की सरकार थी। नारायणपुर में गड़बड़ हो गई, हरिजनों पर अत्याचार हुआ था, महिलाओं उस में फंसी हुई थी। प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी नारायणपुर गई। वह महिलाओं से मिलकर बाहर निकल रही थीं तो एक पत्रकार ने पूछा कि क्या यह कहा जा सकता है कि यह लोक दल की सरकार है और आप यहां उनकी गलती का फायदा उठाने के लिए आई हैं तो प्रधान मंत्री का उत्तर था कि अगर विरोधी गलती करें तो हम फायदा क्यों न उठाएं? यह उनका जवाब था। आज हमारे कार्यकर्ता वह जवाब हम को दिखाते हैं, कहते हैं राजनीति आपकी समझ में नहीं आयेगी, राजनीति इन्दिरा जी करना जानती है। बिहार में पिछड़े वर्गों के लिए जनता शासन के दौरान रिजर्वेशन लागू किया गया तो कांग्रेस पार्टी ने खुलेआम उसका समर्थन नहीं किया। वे चुप रहे। अभी भी जो वक्तव्य दिया जा रहा है वह बड़ी चतुराई से दिया जा रहा है —इधर भी थोड़ा सा और उधर भी थोड़ा सा। अरे, इससे नहीं चलेगा, यह मैं कह रहा हूं। यह देश चतुराई से नहीं चलेगा, यह देश चलेगा तो चरित्र से चलेगा, यह देश मूल्यों से चलेगा। आपको भयभीत होने की कोई जरुरत नहीं है, आप बहुमत में है, सत्ता आपके पास है लेकिन साहसपूर्वक आपको फैसला करना पड़ेगा। और उसके लिए सभी को साथ लेने की तैयारी चाहिए। आरक्षण की नीति जिस ढंग से अमल में लाई जा रही है उससे कुछ समस्यायें पैदा होंगी और उन समस्याओं का मैंने उल्लेख किया है।

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

SHRIMATI INDIRA GANDHI: I think an hon. Member opposite hinted at what I mean by 'even'. I do not want to elaborate because I do not think that we should get into polemics.

The other question is: just when we are thinking of rising together to pass a particular resolution, is this the atmosphere to create? This is the point which you, Sir, were trying to make. This is the point which all of us want to clarify. I have not seen this particular report which Shri Fernandes is reading. Mr. Chairman said that the hon. Member has quoted from it before. Hon. Member could have mentioned it at some other time but not at thi pariculars moment when the entire objective is to create an atmosphere of calmness, of coolness, of co-operation, to solve a question which is not merely confined to Gujarat or Madhya Pradesh but which is a national question. Apart from the atrocities, the hardships which the Harijans or the tribals in other areas have suffered, there is a bigger question.

The hon. Member opposite referred to national intergation. What is happening now is striking at the very root of national integration.

These are the matters we have to consider. I can only add my voice and appeal that the hon. Member opposite.... Sir, in spite of your allowing me, to stand, he has not yielded.....

SHRI GEORGE FERNANDES: I thought the Prime Minister wanted to make some submission on the point or on something that I had said .... *(Interruptions)*

SHRIMATI INDIRA GANDHI: No, I am not making any such points. That is not important.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am very happy that you are at least smiling now. Mr. Fernandes.

PORF. MADHU DANDAVATE: Neither of them is yielding.

SHRIMATI INDIRA GANDHI: I was asked to speak. Before I sit down I want to make one more point. So far as I have heard the speeches, I have not heard from any Member whether he is supporting the bandh on the 25th or whether he is willing to call for its withdrawal. This point needs to be clarified.

SHRI GEORGE FERNANDES: I think Mr. Deputy-Speaker let me

first of all state that I did not intend to say what I said about you.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Thank you very much.

SHRI GEORGE FERNANDES: Having said that, I would also....

MR. DEPUTY-SPEAKER: You are withdrawing it.

SHRI GEORGE FERNANDES: Yes, Sir. Having said that, I would like to submit—I think the Prime Minister....

SHRI RAM JETHMALANI: This is the effect of the Prime Minister's speech. At least this had a good effect.

SHRI GEORGE FERNANDES: I think the Prime Minister made the point that the issue is not Gujarat or what is happening there alone but it is so much a basic question. That is precisely what I was trying to discuss. Only the Prime Minister understood me and none else understood me.

SHRIMATI INDIRA GANDHI: I entirely agree with the hon. Member. But I object to his manner of putting it.

SHRI GEORGE FERNANDES: I am glad that we always differ on the manner of putting things. This is nothing new. This has been going on for several years. But, I am glad she confirms again what I said that she is the only person who differs with the manner of putting things. All the rest of it she did not understand and she was keeping on waving her hands and asking us to keep quiet. But the irreprehensible Minister who never makes the telephones work came up with a howler. which I do not know whether you understand or not.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please remain in Gujarat.

SHRI GEORGE FERNANDES: Sir, I will read the last sentence.

MR. DEPUTY-SPEAKER: There will be confusion.

SHRI GEORGE FERNANDES: There is no confusion on the issue. This is what the Prime Minister said. This is an issue which will have to be settled.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am making an appeal to you. Please do not read that.

SHRI GEORGE FERNANDES: There are no sentiments involved. We are concerned with certain basic problems at the moment which are bothering the country. If someone comes with a document and quotes it, it is said that he cannot quote this: that cannot be quoted What the hon. Prof. Dandavate said was a quotation frim Shri Parelal or whatever is said by the hon. Member from the other side... (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please be relevant to the subject.

SHRI GEORGE FERNANDES: I think that point has been cleared. The relevancy has been resolved. It is relevant.

SHRI H.K.L. BHAGAT (East Delhi): Sir, Rule 353 is clear that anything said should not be defamatory.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I will take care of it, Mr. Bhagat. This is my personal appeal to you Mr. George. Please do not spoil the good atmosphere.

SHRI GEORGE FERNANDES: I do not want to got into this situation of the socalled atmosphere. Let me be frank. Let us not fool ourselves. There is nothing called atmosphere everywhere. We look at each other. I am not interested in that kind of a situation. I am interested in dealing with the basic problem. That is the harijans and adivasis and shudras in this country are at the receiving end in every sphere of life and in every sphere of activity. That is a

[Shri George Fernandes]

fact. There are atrocities against harijans and when the present Prime Minister was in the Opposition, she had to go through muddy area and then get on the back of an elephant to have a look at the way the harijans were dessimated in Belchi. They had been dessimated in Pipra and they had been dessimated in Afalta and they had been dessimated in umpteen different places. How can you therefore separate these two issues? How can you say that let us discuss Gujarat and create an atmosphere or look at each other? How can you say that let us forget all that happens everyday? Let us not forget the shooting of the adivasis in Goa and everywhere. Let us not forget the kind of harassments with which the adivasis were subjected to at Teliraja. How can you? Babu Jagjivan Ram hit the nail on the right spot. Two days ago or three days ago, he spoke perhaps in Lucknow and he hit the nail at the right spot. How can you run away from the realities? How can you run away from these facts that in this country the 'Shudra' is at the receiving end. If he is at the receiving end socially for centuries and now when you try to provide him with some economic relief people are trying to deny him that economic relief which the Constitution and the will of this House expressed at various stages provided him with.

This, Sir, is the crux of the problem. Therefore, looking at the Gujarat problem in isolation will not take us anywhere. There is no differing in so far as the broad sentiments that are being expressed are concerned but unless you bring about a debate and not merely a debate but a qualitative change in the attitudes of those who because of caste and money —and, perhaps, to some extent because of English but primarily because of caste and money—have cornered power and authority in this country. There is no solving the basic problem which one sees everywhere of which Gujarat is but a symptom. As Mr. Vajpayee wished to say every party, every organisation, every community, every town, every village and even a trade union which is a class organisation is today divided on some of these issues which are related not merely to economic but to basic social problems. Therefore, while we want that problem in Gujarat be resolved the resolution of Gujarat will not come about—we have this problem evrywhere—unless everyone here, every political party, commits to certain basic and redical changes that are necessary and those radical changes not only in the social and economic life of this country but in the total approach in terms of dealing with people, in terms of talking to people and in terms of putting across. As Prof. Dandavate wished to say that ultimately people judge the whole system, the whole social system in this country and not what is written in the scriptures but how people are being treated in everyday life.

Let me also make the point that mere equality of opportunity in the Indian situation is once again trying to fool those who have been denied that equality of opportunity for hundreds of years. This country needs to accept as a matter of principle preferential opportunities, special opportunities, to those who have been denied these opportunities for generations.

Therefore, Sir, while I would go along with any Resolution that this House unanimously wants to adopt I would also urge that the issue be discussed in all its ramifications if necessary. If there is going to be a difference of opinion amongst us let the difference of opinion be expressed because it is being expressed outside this House everyday by all of us. So, let it be expresed and while committing ourselves to the equality of opportunity let us also find out to what extent preferential opportunities could be given to those who have

been denied these opportunities for generations. Thank you.

MR. DEPUTY-SPEAKER: On the Congress (I) side, there are many hon. Members who wanted to speak. But they are not pressing as it is already 8-45.

(Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Everybody has taken part in the discussion. He is moving his Substitute Motion.

श्री हीरालाल आर. परमार (पाटन) : गुजरात के हरिजनों का यह सवाल है । मैं अकेला हरिजन हूं । मैंने नाम दिया है।

SHRI R. N. RAKESH (Chail): We will take only a few minutes.

AN HON. MEMBER: Members from Opposition have to speak.

(Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Only from the Opposition side. Every hon. Member will take only 3 minutes. Shri Rakesh. Please take only 3 minutes and conclude.

श्री आर. एन. राकेश : एक बार पहले भी इसी विषय पर इस सदन में बहस हो चुकी है और आज फिर से इसके ऊपर हम को बहस करनी पड़ रही है। गृह मंत्री जी ने पिछली बार जब बहस हो रही थी तो कहा था कि अब हरिजनों के ऊपर कोई अत्याचार होगा तो वह खुदकशी कर लेंगे । उनके प्रति उन्होंने बड़ी हमदर्दी दिखाई थी, उनके प्रति बड़ी दरियादिली दिखाई थी । मैं कहना चाहता हूं कि यह महत्वपूर्ण बात नहीं है कि आप उनके प्रति कितनी अच्छी बात कह रहे हैं कितनी मीठी बात कह रहे हैं, महत्वपूर्ण बात यह है कि आरक्षण विरोधियों की कितनी आर्थिक मजबूत पकड़ है। आपकी नीति और नीयत नेक है या नहीं यह भी देखना होगा। अटल जी ने इंडियन एक्सप्रेस की बात कही और डा. राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी ने कहा कि प्रधान मंत्री जी जो कहती है उसको करती भी है । अगर यही बात है तो ऐसी बात पर अगर कोई प्रस्ताव आता है तो मैं पहला आदमी होऊंगा जो इसका विरोध करूंगा। क्या कहा है प्रधान मंत्री ने ? उन्होंने कहा कि मैं आरक्षण की पक्षधर हूं लेकिन मैरिट की हत्या नहीं होने दूंगी । मतलब यह है कि मैं हरिजनों के प्रति सहानुभूति रखती हूं लेकिन हरिजनों की हत्या करने वाले जो हैं उनको सजा नहीं होने दूंगा --

श्रीमती इन्दिरा गांधी : बिल्कुल गलत बात है। जो दोषी लोग हैं उनको सजा मिलनी चाहिये, इस में कोई दो राये किसी की नहीं हैं।

श्री आर. एन. राकेश : बड़ी अच्छी बात है कि प्रधान मंत्री जी ने इस बात की सफाई दे दी है। लेकिन उनके इसी भाषण से गुजरात में जो आन्दोलनकारी हैं उनको बल मिला है, इंडियन एक्सप्रेस इसका सबूत है।

गृह मंत्री महोदय ने कहा था कि उनके हक छीन कर हरिजनों को दिये जाते हैं। यह बात उन्होंने अपनी पिछली स्पीच में कही थी। आरक्षण विरोधी आन्दोलनकारियों के अधिकार छीन कर हरिजनों को दिए जाते हैं, यह उन्होंने कहा था । सोलंकी जी का ब्यान पहले आ चुका है । प्रधान मंत्री जी द्वारा जो ब्यान दिया गया है दो दिन पहले, ज्ञानी जैल सिंह के ब्यान को और सोलंकी जी के बैयान को और साथ ही साथ आन्दोलनकारियों के बयान को देखा जाए तो शब्दों में हेरफेर जरूर दिखाई देता है लेकिन जो आब्जैक्टव या इटैंशन है वह कामन है, उन में कोई हेरफेर दिखाई नहीं देता है ।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रमोशन में रिजर्वेशन दिया जाएगा ।

20.45 hrs.

(MR. SPEAKER IN THE CHAIR)

लेकिन प्रधान मंत्री ने कह दिया कि मैरिट देखी जाएगी । तो क्या सुप्रीम कोर्ट के बाद लोगों को अपील प्रधान मंत्री के यहां करनी पड़ेगी ।

[श्री आर. एन. राकेश]

दूसरी बात प्रधान मंत्री जी ने अपने ब्यान में कही है . . . . .

श्रीमती इन्दिरा गांधी : आप बिल्कुल नहीं समझे कि मैंने क्या कहा। मैंने कोई ऐसी बात नहीं कही ।

श्री आर. एन. राकेश : इंडियन एक्सप्रेस ने इस बात को अच्छी तरह समझा है और माननीय वाजपेयी ने यहां उसको कोट किया है। उन्होंने भी अच्छी तरह इस बात को समझा है ।

आरक्षण का फायदा कुछ लोगों को तो हुआ है, लेकिन वह फायदा सब को होना चाहिये। मैं आकड़ों में नहीं जाना चाहता, संक्षेप में इतना कहना चाहता हूं कि जितना इस देश के हरिजन, आदिवासियों को दो वर्ष के अन्दर फायदा होना चाहिये 33 सालों के अन्दर भी उतना फायदा नहीं हो पाया है। जो फायदा उनको आप देने के लिये कहते हैं वह उन्हें भी मिलना चाहिये था । यदि आपकी नीति और नीयत ठीक ठीक थी तो आपने क्यों नहीं दिया? किसने आपको रोका था?

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि आज आरक्षण के इशू पर हरिजनों की प्रतिभा को मेरिट की तराजू पर तोलने की कोशिश की जा रही है। अगर हरिजनों की मेरिट को ही तोलना है तो महर्षि बाल्मीकि की प्रतिभा को तोल लीजिये जिन्होंने देश की प्रतिभा क तोल लीजिये जिन्होंने देश के लिये संविधान बनाया, जिसकी एक एक लाइन पर हम 33 साल से बहस कर रहे हैं । अगर हरिजनों की प्रतिभा को ही तोलना है तो बाबू जगजीवन राम की प्रतिभा को ही तोल लीजिये, जिस कुर्सी पर वह बैठे उसका वजन बढ़ा है ।

MR. SPEAKER; Your time is up. Pleas sit down.

तीन मिनट सब को दिये हैं, यही फैसला किया है।

श्री आर. एन राकेश : सब को बहुत टाइम मिला है । मैं दो मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूं ।

मान लीजिये आज आरक्षण को आप समाप्त करते हैं तो शेड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों को किस कैटेगिरी में आप रखेंगे? क्या वह वर्ण व्यवस्था जिसने इन्सान इन्सान में फर्क पैदा किया है और हरिजनों तथा पिछड़ी जातियों का शोषण किया है उसको आप कायम रखना चाहते हैं ? मेरा कहना है कि जब तक वर्ण व्यवस्था कायम रहेगी तब तक उनको आरक्षण देना पड़ेगा । आज हालत यह है कि संविधान में उनको अधिकार मिला हुआ है फिर भी उनकी रक्षा नहीं हो पा रही है । जब संवैधानिक सरक्षण खत्म हो जायेगा तब हरिजन कहां जायेंगे, क्या होगा, मैं नहीं जानता। मैं इतना कहना चाहता हूं कि हिन्दू वर्ण व्यवस्था की ऊंची चोटी पर बैठने वालों अगर तुम्हारे मन में यह बात है कि हिन्दू धर्म तुम्हारा है तो हर आंधी तूफान में जब हिन्दू धर्म रक्षा की बात आयी तब हरिजन उस कसौटी पर सही उतरे हैं ।

MR. SPEAKER: Please sit down now

श्री आर. एन. राकेश : अगर मेरी बात आप नहीं सुनना चाहते तो मैं यही कहूंगा कि:

हमें सताते हो हमारे होकर,
मिला इनाम क्या यही हमें तुम्हारे
होकर ।

श्री हीरालाल आर० परमार: माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं गुजरात के गभीर सवाल के लिये उपस्थित हुआ हूं। मैं एक छोटी सी बात कहना चाहता हूं कि जब कोई आदमी बीमार होता है और डाक्टर के पास जाकर अपनी बीमारी न बताये तो उसका इलाज नहीं हो सकता है ।

इस सदन में मैं भी गुजरात का एक हरिजन हूं। हरिजनों पर गुजरात में जुल्म हो रहे हैं। मैं अपनी बीमारी को सदन के डाक्टरों के सामने पेश करना चाहता हूं। आन्दोलन दिन-प्रति-दिन क्यों बढ़ रहा है, उसी को बताने के लिये मैं थोड़ा ज्यादा समय लूंगा । मैं मानता हूं कि सदन का जो समय मुझे दिया गया है, इसमें से कुछ नतीजा निकलने वाला है।

यह आन्दोलन क्यों हुआ है, क्यों बढ़ रहा है, इसका इलाज क्या है, यह मैं सदन

के सामने पेश करना चाहता हूं। मैं आशा करता हूं कि इसके लिये मुझे वक्त ज्यादा दिया जायेगा।

गुजरात के आन्दोलन को भड़काने के लिये गुजरात के अखबार में "गुजरात समाचार" ने कुछ भड़काने वाली खबरें प्रकाशित कीं। आन्दोलन ज्यादा बढ़ा। राजनीतिक दलों के आदमी इसमें कुछ गैर-फायदा लेने के लिये शामिल हो गये। सैंट्रल गवर्नमैंट, स्टेट गवर्नमैंट के कर्मचारियों और यूनियन वालों ने ओपन अखबार में छपवाकर इस आन्दोलन को समर्थन दिया। सरकार ने उसको रोकने के लिये कुछ नहीं सोचा। इसमें स्टेट गवर्नमेंन्ट और राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारी शामिल हो गये। 144 की कलम थी, हजारों कर्मचारी 144 की कलम के अगेन्स्ट आन्दोलन में शामिल हो गये हरिजनों को मारने के लिये। सरकार खामोश है। उसी गुजरात की पुलिस से आन्दोलन ज्यादा भड़क गया और आन्दोलन मे ज्यादा समर्थन आया। आखिर हमारे बचने के लिये एक ही सहारा था, पुलिस का। गुजरात की पुलिस क्या कर रही है?

28 फरवरी को जनसत्ता अखबार में गुजरात कांस्टेबल यूनियन ने जाहिरात कर दिया कि हम आन्दोलन वालों के साथ हैं पुलिस कांस्टेबल यूनियन शामिल हो गई और ये सारी यूनियनें अखबारों में खबर देकर शामिल हो गईं। हमारे को बचाने वाला कौन रहा?

मैं सदन से प्रार्थना करता हूं कि 11-3-81 को मेरे क्षेत्र पाटन में एक हरिजन को आन्दोलन करने वालों ने उठाकर एक कोठी में लेजाकर मार दिया। इस टाइम पर पुलिस खड़ी थी, एक इन्सपैक्टर के तमंचे से गोली निकली, कहां गई? हरिजन कांस्टेबल पर गई। उसे रोकने वाली सारी पुलिस खड़ी थी लेकिन इन्सपैक्टर ने तमंचे में से गोली निकली और हरिजन कांस्टेबल जो खड़ा था, उसको फयर किया। आज इसका जवाब देने वाला कोई नहीं है। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि यह सारा जुल्म गुजरात में हो रहा है। इसको रोकने का सही तरीका निकाला जाये, नहीं तो यह सारे देश में फैल जायेगा। मैं आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं, सच्ची बात सदन के सामने पेश करना चाहता हूं कि कोई रास्ता निकालो। 20, 21 तारीख को अहमदाबाद में काफी जुल्म शूरू हो गया।

मुझे अपने गांव की एक घटना याद आती है। एक हरिजन की लड़की की शादी थी, बारात आई, बिजली नहीं थी। एक छोटी लड़की दिया जलाने लगती है, उस दिये से किरासिन तेल निकल गया, और वह लड़की जलने लगी। बारात वाले इच्छित थे लड़की को बचाओ, वहां के सब लोग इच्छित थे कि लड़की को बचाओ, यहां सदन में बैठने वाले सब लोग इच्छित हैं कि आन्दोलन नहीं होना चाहिये, लेकिन वह लड़की जल गई। सब की भावना बचाने की थी, लेकिन कोई बचाने को खड़ा नहीं हुआ। मैं सदन से प्रार्थना करता हूं कि "बचाओ, बचाओ" सब लोग कहते हैं, लेकिन बचाने का कोई तरीका करो। होली आ रही है। गुजरात में एक बात जोर-शोर से चल रही है कि होली के दिन हर गांव में एक हरिजन को होली में डाला जाये। (व्यवधान) हमारे दर्द की बात सुनिए। अगर यह बात सच न हो, तो अच्छी बात है। इसमें इतनी ज्यादा परेशानी हो रही है।

मैं प्रार्थना करता हूं कि गुजरात में हरिजनों के उपर से पुलिस को हटा दिया जाये और मिलिटरी को वहां लगाया जाये। स्टेट गवर्नमेंट और सैंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारी इसमें शामिल होते हैं। गवर्नमेंट के कानून को भंग करने वाले लोगों को शिक्षा क्यों नहीं देते हैं?

आपने मुझे समय दिया है। मुझे बहुत बातें कहनी थीं, लेकिन मैं सदन का ज्यादा समय नहीं लूंगा।

श्री एन. ई. होरो (खूंटी) अध्यक्ष महोदय, आरक्षण-विरोधी जो आन्दोलन गुजरात में हो रहा है, इस सदन में उस पर चर्चा हो रही है। मैडिकल कालेज के छात्रों ने जो आन्दोलन शुरू किया है, उस की चर्चा यहां हुई है। मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि आरक्षण-विरोधी कार्यक्रम तो केन्द्रीय सरकार के दफ्तरों में चल रहा है, पब्लिक अंडर-

[श्री एन. इ. होरो]

ठेकेदारों में चल रहा है, स्टेट के डिपार्टमेंट्स में चल रहा है। कुछ कर्मचारी वहां हैं, वे आरक्षण-विरोधी काम कर रहे हैं।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि अभी कुछ दिन पहले मैंने दो हरिजन एम्पलाईज के प्रोमोशन के सम्बन्ध में एम एम टी सी--मेटल्ज एंड मिनरल्ज ट्रेडिंग करपोरेशन--की जेनरल मैनेजर को एक चिट्ठी लिखी थी। दो हरिजन ने टेस्ट में पास किया थे और उनके मार्क्स 50 परसेंट से ज्यादा थे। उन्हें न ले कर एक गैर-हरिजन को, जिसके नम्बर कम थे, ले लिया गया। मगर इसका नतीजा यह हुआ कि उस आफिसर ने मेरी चिट्ठी को फाड कर फेंक दिया यह कह कर कि एम. पी. लोग इस प्रकार पब्लिक अंडरटेकिंग्ज के काम में बाधा डालते हैं। मैं होम मिनिस्टर से कहना चाहता हूं कि मैं उन्हें उस आफिसर का नाम बताऊंगा और उनसे चिट्ठी का जिक्र करूंगा। वह पता कर लें कि उस आफिसर ने चिट्ठी को फाड़ा है या नहीं।

जब सरकारी कर्मचारी इस प्रकार हरिजनों और आदिवासियों के अधिकारों को छीनेंगे और उनके अधिकारों के खिलाफ जायेंगे, तो क्या आप समझते हैं कि सिर्फ गुजरात में ही रिजर्वेशन-विरोधी काम हो रहा है--यहां सरकारी दफतरों में भी हो रहा है। इस लिए यह गम्भीर मामला है और सरकार को इस पर विचार करना चाहिए।

हम सदन में एक रेजोल्यूशन पास कर लें और यह कह दें कि संविधान में लिखा हुआ है, हम उसके प्रति कमिटिड हैं और हमने कास्टीट्यूशन की कस्म खाई है, इससे बात आगे बढ़ने वाली नहीं है। हमें इन मामलों को देखना चाहिए। इसलिए मैं सरकार और होम मिनिस्टर से अनुरोध करूंगा कि विभिन्न विभागों में जो सरकारी कर्मचारी हैं, उनका स्क्रीनिंग कीजिए और जिन सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के बारे में पाया जाये कि वे हरिजनों और आदिवासियों के हित के खिलाफ काम करते हैं, उनको सजा दीजिए और उनको नौकरी से छुट्टी दीजिए।

जब तक सरकार कुछ ठोस कदम नहीं उठायेगी, तब तक हमारे यहां रेजोल्यूशन पास करने से कुछ बात नहीं बनने वाली है। हरिजनों और आदिवासियों का जिक्र श्री जार्ज फार्नांडीज और दूसरे माननीय सदस्यों ने किया है मैं आपको बताना चाहता हूं कि बिहार में पुलिस की गोली से बहुत आदिवासी मारे गये हैं। पिछले साल 8 सितम्बर 1980 को गोंदा में और 6 फरवरी, 1981 को बलरामपुर में और सिंहभूम में कई जगह जो फायरिंग हुआ, उसमें आदिवासी घायल हुए और मरे। यह काम सरकार की तरफ से होता है। आपको जान कर तकलीफ होगी कि बिहार में होम विभाग में कुछ ऐसे पदाधिकारी हैं, जो साफ साफ कहते हैं कि इन आदिवासियों को डंडे से पीटो, इनको गोली से उड़ाओ, आदिवासी लीडर्स को फ्रेम अप करो, इन को केसेज में फंसाओ। अगर अधिकारीगण का ऐसा विचार हो, ऐसी मनोवृत्ति हो तो आप क्या उम्मीद कर सकते हैं कि यहां इस सदन में हमारे एक रेजोल्यूशन पास करने से और संविधान का हवाला देने से वह बात बनेगी? इसलिए मैं इन मुद्दों पर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं और सरकार से कहना चाहता हूं कि पहले तो यह काम हो कि जितने सरकारी अफसर शेड्यूल्ड कास्ट एण्ड शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के रिजर्वेशन का मामला डील करते हैं उनकी स्क्रीनिंग होनी चाहिए ताकि ऐसे अफसरों के रहते जो कमजोर वर्गों के लोगों के ऊपर अत्याचार होता है वह काम बन्द हो और उनको जस्टिस मिले।

श्री जयपाल सिंह कश्यप (अंबला): अध्यक्ष महोदय, कल हम लोगों ने और हर एक माननीय सदस्य ने सदन के समक्ष यह प्रस्ताव रखा था कि यह सदन गुजरात में आरक्षण सम्बन्धी उत्पन्न हुई गंभीर परिस्थिति पर गहरी चिन्ता व्यक्त करता है और गुजरात के नागरिकों से अपील करता है कि वहां अविलम्ब शांति स्थापित करें और इसे अपना सर्वोपरि कर्तव्य मानें कि समाज के शोषित और कमजोर वर्ग की रक्षा का उत्तरदायित्व उन पर है।

इस देश में हजारों साल से कुछ ऐसी व्यवस्था रही है जिस का दोष और जिस का प्रभाव आज भी समाज से नहीं निकला है। हजारों साल से इस देश में व्यवस्था रही कि इन शूद्रों, अछूतों और छोटे वर्ग के लोगों का जिस रोज यहां पैदा हों इन का नाम गन्दे से गन्दा रखा जाय, इन के पास कोई सम्पत्ति इकट्ठी न होने दी जाय और इन्हें राज-दरबार में प्रवेश न करने दिया जाय। आज जब उन के सरकारी सेवाओं में जाने का प्रश्न पैदा होता है तो वही मनोवृत्ति जो इस देश में हजारों साल से लोगों को गुलाम बनाने की रही है वही काम कर रही है। जो हजारों साल से पददलित हैं, जो हजारों साल से कुचले गए हैं, जिन्हें हजारों साल से समाज ने मान और सम्मान नहीं दिया है उन के लिए अगर आरक्षण की व्यवस्था है तो वह संविधान की व्यवस्था है जिसके लिए बाबा साहब डा. अम्बेडकर ने, पूज्य महात्मा गांधी ने, पेरियार रामास्वामी नायकर ने और डा. लोहिया ने लड़ाई लड़ी। हमारी सोशलिस्ट पार्टी का तो सिद्धान्त है कि 60 प्रतिशत अधिकार हमारा है और इन शोषितों को सारी सेवाओं में 60 प्रतिशत अधिकार मिलना चाहिए, पिछड़े वर्गों को मिलना चाहिए। आज 33-34 साल से बराबर हम को धोखा देते रहे। आज भी आरक्षण को ले कर गुजरात में जो लड़ाई चल रही है उस का सीधा मंशा यह है कि मंडल कमीशन आ गया है, पिछड़े वर्गों को आरक्षण देना होगा। मगर आप ने काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट को रद्दी की टोकरी में डाल दिया था और लोगों को बहका कर, बरगला कर चाहे सोलंकी की सरकार वहां जा कर करे चाहे आप करें, मगर मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू न हो सके इस के लिए आप ने यह कोशिश की है। पिछड़े वर्ग के अधिकारों से खेलने के लिए आप ने इन को उकसाया है। आप रिपोर्ट उठा कर देख लें। आप की पुलिस ने वहां पर किस तरह से लोगों को मारा है। आप भी वहां पर हरिजन कैम्पों में पड़े हुए हैं। कौन सी सरकार यह है? क्यों नहीं आप हिफाजत कर पाते? क्यों प्रधान मंत्री जी यहां पर हैं? क्यों नहीं चलते गृह मंत्री जी वहां पर? क्यों यह सदन यहां चल रहा है? ले चलो इस को गुजरात में। एक हफ्ते तक गुजरात में सदन चलना चाहिए, पार्लियामेंट वहां बैठनी चाहिए वरना कुछ होने वाला नहीं है। लेकिन आप की हिम्मत नहीं है। आप जाएंगे नहीं। आप उकसाते रहेंगे। (... (व्यवधान)

हंसने से काम नहीं चलेगा। हम पर हजारों साल से हंसते रहे हो। आज भी हरिजन इस देश में गरीबी रहा की रोटी खाता है, आज भी इस देश में हरिजन किस तरह से पददलित है, शोषित है। आज भी वह महुवा खा कर अपना गुजारा करता है। इन पर तुम हंस सकते हो, हंसो हो लेकिन कभी ये चेतेंगी। ये करोड़ों करोड़ लोग चेतेंगे, जिस रोज इन को अकल आ जायगी, जिस रोज अकल आ जायगी बाबू जगजीवन राम जी को, जिस रोज अकल आ जायगी चौधरी चरण सिंह जी को, जिस रोज अकल आ जायगी ज्ञानी जैल सिंह जी को, उस रोज वे दिखा देंगे कि पद दलितों पर अत्याचार करने का समय निकल गया है। कब तक इन पर अत्याचार करते रहेंगे?

अब गुजरात की जो आप की पुलिस है, जैसा कि हम ने और दूसरे और माननीय सदस्यों ने कहा, अत्याचार वह कर रही है, उस को हटाइए। मध्य प्रदेश में महाराष्ट्र की पुलिस गई है तब से वहां कुछ शांति स्थापित हुई है और वहां कुछ निष्पक्ष काम करने की कोशिश हुई है।

दूसरी चीज यह है कि गुजरात की जो सरकार है उस को बरखास्त कीजिए और फौरन इस तरह का एक प्रस्ताव पास करिए, हम लोग सारे इस के लिए साथ हैं। सौ में 90 शोषित हैं, 90 अधिकार हमारा है। आरक्षण हमारा अधिकार है, आरक्षण हमारा धर्म है, आरक्षण हमारा दीन है। इस के लिए हम लड़ते रहेंगे। हमारे हजारों लोगों को बरबाद किया है, हमारे हजारों घरों को जला दिया है, हमारी लड़ाई इस के लिए चलती रहेगी।

SHRI CHITTA BASU (Barsat): The situation which has developed in Gujarat and which is likely to spill over to other parts of the country pertains to a fundamental issue. What is at stake today is the basic values of life? What is at stake today is the basic concept of national integration? The SC&ST are an integral part of the Indian society, rather to say the Indian nation-hood. Unfortunately, the history has it that the vast masses belonging to SC&ST have been subjected to various kinds of social disabilities and inequalities. They have been victims of socio-economic exploitation for ages together.

Now the principle of reservation is not only a constitutional obligation but an article of faith. It is the commitment of the nation. Now a movement has already started to do away with the reservation. Assuming that the reservation is a gift, assuming that the principle of reservation is something by way of a gift of one section of society to another section of society which is weaker, this concept is pernicious. The principle of reservation is not a matter of grace, is not a matter of greed, is not a matter of gift, but it is a legitimate right of the SC&ST who have contributed to the existence of the Indian nation. This fundamental basis has to be understood; and if we can understand this fundamental basis of society, then we can change our attitude towards them. Unfortunately, the upper caste still believe that they are merely an object of pity, that they are merely an object of grace. That attitude has to be changed. Thier flesh is the flesh of the Indian nation-hood; their blood is the blood of the Indian nation-hood. We cannot emerge as Indian nation-hood excluding this section of our Indian population. That being so, the principle of reservation is our national commitment.

It is good and gratifying to know that the Home Minister made a statement saying that the principle of reservation is not negotiable. For me it is not adequate enough. The entire Parliament should again proclaim that, in no circumstances the principle of reservation enshrined in our Constitution cannot be done away with unless and until these vast masses of our people require it. It is not a question of time; it is not a question of the time limit. So long as they are not brought on par with other sections of the society, this principle of reservation should continue. Unfortunately, some theories are being advanced. The theory of caste, the theory of merit, the theory of economc criterion all are there. Allow me to say permit me to go on record that these are alibis to dilute the basic principle of reservation which is of a preferential nature. There should be a preferential system. It is not only a quesion of a college. Therefore, I urge upon the Prime Minister that she should not fall a prey to this kind of theories of economic criterion, theories of class, theories of merit. That goes against the very principle of reservation which is meant basically and completely to the principle of preferential treatment to this weaker sections of our community.

गृह मंत्री (श्री जैल सिंह): सम्माननीय स्पीकर साहब, आज की चार घंटे की बहस में बहुत ही कीमती अपने ख्यालात मैम्बर साहबान ने दिए । कुछ एक-दो को छोड़ कर बाकी जिसने भी थे, उन्होंने इस बात को गहराई से चिन्ता की है कि हमारे देश को जो परम्परा है, जो हमारे विधान सिद्धान्त है, जिसको हमने माना है, उसकी जड़ों को काटने वाली शक्तियों को उभरने न दिया जाए—मैं इस बात के लिए उन सब का मशकूर हूं । जिन दोस्तों ने कुछ कटाक्ष भी किए, उनके लिए भी मैं कुछ नहीं कहता, लेकिन इस बात से मैं भी इत्तिफाक करता हूं तथा यह समझता हूं कि अब कोई एक-एक मैम्बर के भाषण का जवाब देने की जरूरत नहीं रही । पर्टिकु-

स्पीच में अपने विचार रखे और उसके बाद हाउस में जितने मैम्बर थे, उनमें फिर एक शान्ति का वातावरण आया ।

मैं जितने ग्रुप लीडर्स हैं, पार्लियामेंट में रिप्रजेंट करते हैं, उन पार्टियों के जो नेता-गण हैं, उनका भी मशकूर हूं, उन्होंने इस बात को खुद सोचा कि हमको एक ऐसा रिजोल्यूशन लाना चाहिए, जिसमें हिन्दुस्तान के लोगों को और दुनिया को यह मालूम हो जाए कि ऐसे मामले पर भारत के लोग और भारत के लोगों के जो प्रतिनिधि हैं, वे इकट्ठे चल सकते हैं । मैं इस बात पर भी इत्तिफाक करता हूं, इन्द्रजीत गुप्ता जी की बात पर कि ऐसे जो मामलात हैं, जो भारत की एकता को तोड़ने वाले हैं, जो हमारे मूल सिद्धान्त को जड़ से काटते हैं, उनको रोकने के लिए हम ऐसे ही महसूस करें जैसे कि हमारे ऊपर कोई हमला हो गया है । मैं इस बात पर इत्तिफाक करता हूं और मैं एक-एक मैम्बर की तकरीर को सुनने के बाद उन मैम्बरों से भी प्रार्थना करूंगा कि जो मैम्बर इस हाउस में बोलता है, उसके जो लफ्ज हैं उन पर पूरा ऐतबार करना चाहिए और यह कटाक्ष नहीं करना चाहिए कि बोलते कुछ और हैं, करते कुछ और हैं, कहते कुछ और हैं । मुझे आशा है कि तमाम हिन्दुस्तान के मैम्बर साहबान इस भावना को लेकर जायेंगे कि हमने एक मत होकर इस समस्या पर जो भारत में उभरने की कोशिश कर रही है और गुजरात में जिसने बदअमनी पैदा कर रखी है, उसको खत्म करने के लिए उपाय किए जायें ।

कुछ बहुत से मैम्बर साहबान ने अपने सुझाव भी दिये, उन को भी हम ध्यान में रखेंगे और उन पर जिस-जिस तरीके से हम मिल कर अमल कर सकते हैं, उन बातों पर अमल करेंगे ।

स्पीकर साहब, अब पासवान जी का जो मोशन है, उस में रूल 345 के तहत आप रिलेक्स कर दें तो मैं, हाउस में जो कन्सेनसस है उस के आधार पर, कुछ अमेण्डमेंट मूव करना चाहता हूं.....

MR. SPEAKER: Yes.

SHRI ZAIL SINGH: I beg to move: That in the Motion,—

after "expresses its concern"

for "at the situation arising out of the agitation and violent demonstrations against reservation of jobs for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Gujarat, Rajasthan and other parts of the country"

Substitute—

"and anguish over the situation prevailing in Gujarat over the reservation issue. It reiterates its firm commitment to the national policy on reservations as enshrined in the Constitution. The reported incidents of violence, destruction of property and atrocities against Scheduled Castes and Scheduled Tribes are against our very culture and go country to the principle of non-violence which the Father of the Nation preached and for which he has sacrified his life. To unhold our tradition, it is the primary duty of every citizen, to strive for restoration of peace and normalcy and make united efforts at the national level." (6)

श्री राम विलास पासवान: अध्यक्ष महोदय, अभी माननीय गृह मंत्री जी ने जो कहा है और इतनी डिस्कशन के बाद सिवाय इस प्रस्ताव के और। कोई चीज नहीं निकल रही है । हमारे एक साथी जब अभी बोल रहे थे तो प्रधान मंत्री जी भी बोलीं, उन के बोलने से ऐसा लगा कि वह कुछ बिगड़ गईं थीं । मैंने अपने भाषण में उन को कोट किया था और मैं अभी भी इस राय का हूं--प्रधान मंत्री जी भी उन तमाम पेपर्स से वाकिफ होंगी, उन के नजदीक भी पेपर्ज की कटिंग्ज जाती होंगी---उन का भाषण राज्य सभा और लायर्स कान्फ्रैन्स में हुआ था, वह जिस ढंग से पेपर्स में आया मैंने एक पेपर का उदाहरण भी दिया है--स्टेट्समैन का---उस में निकला था कि प्राइम मिनिस्टर और कांग्रेस पार्टी जो पुराना स्टैण्ड रिजर्वेशन का है उस से पीछे हट रही हैं । उस के सामने कोई प्रश्न-वाचक चिह्न है..... (व्यवधान)..... मैंने वह

पेपर से पढ़ा था, वह उस पेपर में लिखा हुआ था. . . (व्यवधान)

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री पी. शिवशंकर): पी. एम. ने क्लारिफाई कर दिया है--हमारी पोजीशन वही है ।

श्री राम विलास पासवान: प्रधान मंत्री जी यहां बैठी हुई है। जो आप की भावना है और जो हमारी भावना है--दोनों में कहीं कोई अन्तर नहीं है, लेकिन जिस ढंग से पहल हुई है, जिस ढंग से सारी समस्या बढ़ती जा रही है और अभी आप के पक्ष के लोगों ने भी फिगर्स दी है और हम ने भी भी फिगर्स दी है--30 सालों के रिजर्वेशन में अभी तक 4-5 परसेन्ट है--इस का मतलब है कि कहीं-न-कहीं इम्प्लीमेन्टेशन में खराबी है, इम्प्लीमेन्टेशन ठीक से नहीं हो रहा है. . . .

श्री जैल सिंह स्पीकर साहब, मैं पासवान जी से खुद ही इजाजत ले लेता हूं । उन्होंने जब रेजोल्यूशन मूव किया तो उन के पहले अलफाज ये थे--कि इस को बहुत गंभीरता से हमको सोचना है और उस गंभीरता को यहां के बहुत से मैम्बरों ने कायम रखा है । अब जो रेजोल्यूशन उन्होंने मूव किया है और उस में जो एमेंडमेंट है, वह भी उन को मंजूर है, तो मैं पासवान जी से कहता हूं कि अब क्या तकलीफ की जरूरत है ।

श्री राम विलास पासवान : कोई तकलीफ की जरूरत नहीं है ।

श्री जैल सिंह : अब आप शान्त रहिये और अपनी खूबसूरती को क्यों खराब करते हो ।

श्री राम विलास पासवान : कोई तकलीफ की जरूरत नहीं है लेकिन मुझे रेप्लाई का अधिकार है और उस हैसियत से आप की नालिज में इस बात को लाना चाहता हूं । मैं ने उस दिन भी कहा था, गृह मंत्री जी आप को याद होगा मैं ने बोलते समय कहा था कि ज्ञानी जी बात को गोलमोल ढंग से कह रहे हैं और खुब वजन के साथ नहीं कह रहे हैं, तो मामला और बिगड़ेगा । इस लिए मैं आप के माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि आप साफ तौरपर कहिये कि मेरिट-फैरिट कुछ नहीं चलेगा, रिजर्वेशन है, रिजर्वेशन रहेगा और प्रोमोशन में भी रिजर्वेशन रहेगा और कड़ाई से उस का पालन होगा । साफ तौर पर आप को इस बात को कहना चाहिए । हम ने आप से मांग की थी कि न सिर्फ सर्विसेज में रिजर्वेशन दीजिए बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह कोटा हो, लाइसेंस हो, परमिट हो, जीवन के प्रत्येक आर्थिक क्षेत्र में आप रिजर्वेशन की व्यवस्था कीजिए । हम लोगों ने यह भी मांग की थी कि आप एक व्हाइट पेपर निकालिये और सरकार की तरफ से व्हाइट पेपर आना चाहिए कि केन्द्र ने कब से, राज्यों ने कब से, किस किस इयर में और कौन कौन से विभागों में रिजर्वेशन लागू किया गया और कितनी दूर तक इस का इम्पलीमेंटेशन हुआ है ।

हम लोगों की कार्य दक्षता के सम्बन्ध में कहा जाता है । 30 साल से ऊपर हो गये हैं और अभी भी हम लोगों की इनटेगरिटी के ऊपर किसी को डाउट है, हम लोगों की कार्य क्षमता पर किसी को डाउट है । तो हम लोग कब तक सर्टीफिकेट देते रहेंगे कि हम देश के लायल हैं, कब तक हम सर्टीफिकेट देते रहेंगे कि हम भी इस देश के नागरिक हैं । एक बार आप एक कमीशन नियुक्त कर के जांच करवा लीजिए कि किस के पास कार्य क्षमता कितनी है, किस के पास कार्य दक्षता कितनी है। हमारे साथियों ने कहा कि रेलवे में एक्सीडेंट्स हुए और अस्पतालों में इंसीडेंट्स हो रहे हैं, तो उन में किस का कितना हाथ है, इस का भी एक और फैसला हो जाए कि ये हरिजन और आदिवासी लोग हैं या और कौन लोग हैं, जिन की कार्य दक्षता कम है, जिस के कारण ये सारी चीजें हो रही हैं ।

एक बात और कहना चाहूंगा । मेडीकल पास्ट ग्रेजुएट्स का मामला चल रहा है । हमारे जैसा आदमी अभी भी इस बात को मान कर चलता है कि वहां की सरकार जो दो प्वाइन्ट्स पर, कैरी फारवर्ड और प्रोमोशन के मामले में, उन लोगों के सामने झुक गई, वह गलत बात है और उस को फिर से आप लागू नहीं करवायेंगे, तो दूसरी

गहो पर भी यह मामला बढ़ेगा, दिल्ली भी बढ़ेगा और यहा के एम्पलाइज चुप हो रहेंगे और वे उसी का अनुसरण करेंगे। इसलिए इस मामले में सरकार का साफ दृष्टिकोण होना चाहिए और सरकार को काठोक कहना चाहिए कि हम इस मामले में कहीं समझौता करने के लिए तैयार नहीं हैं।

लास्ट में मैं यह कहूंगा कि यह जो पोस्ट-ग्रेजुएट वाला जो मेडीकल का मामला है, इस में यदि बहुत वितगावाड चलता है, तो छोड दीजिए सब के लिए और सब को एडमीशन का अधिकार दीजिए। सरकार का पैसा उस में लगेगा। जो पास करेगा, वह एम डी होगा, जो पास करेगा वह एम. एस. होगा। जो पढेगा, वही पास होगा। इस तरह से इस सारी चीज को चलने दीजिए।

एक बात और कहना चाहता हूं कि हम को मालूम हुआ है कि वहा के मुख्य मंत्री ने कोई कमेटी बनाई है, सर्वदलीय कमेटी बनाई है। अब वह जो सर्वदलीय कमेटी है, जो उस के टर्म्स आफ रेफ्रेन्स हैं, उन में यह भी जोड़ा जाए कि वह यह भी देखे कि हरिजनो की कितनी क्षति हुई है, किन लोगों के द्वारा क्षति हुई है और कितने पुलिस के लोग थे, जिन के द्वारा क्षति हुई है। ये सारी चीजे हैं, जिन के ऊपर आप को साफ तौर पर बताना चाहिए इस सदन के माध्यम से, गुजरात को ही नहीं बल्कि देश की सारी जनता को कि वह इस मामले में साफ है और कहीं इस मामले में समझौता करने के लिए तैयार नहीं हैं। अखबारों और दूसरे माध्यमों में जो इस मामले में कन्फ्यूजन हुआ है, उस का स्पष्टीकरण होना चाहिए, उस के स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

अध्यक्ष महोदय : कर तो दिया है, इस हाउस ने।

श्री राम विलास पासवान : कहा हुआ है?

अध्यक्ष महोदय : कर दिया है।

श्री राम विलास पासवान : प्रधान मंत्री जी ने कहां कहा है।

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : प्रधान मंत्री जी ने कह तो दिया है।... **(व्यवधान)**

श्री राम विलास पासवान : इतना बड़ा डिस्कशन हुआ और उस में इतने सारे प्वाइन्ट्स उठाए गये, क्या निकला उस में?

अध्यक्ष महोदय : एक रेजोलूशन आया है।

श्री राम विलास पासवान : आप ही बतला दीजिए कि उन्होंने क्या क्लेरिफाई किया है? क्या रिजर्वेशन भी रहेगा, प्रमोशन में भी रिजर्वेशन रहेगा? अगर आप समझते हैं तो आप ही बतला दीजिए?

MR SPEAKER: It is quite clear The Resolution is quite clear

श्री राम विलास पासवान : अगर आप कहते हैं तो आप बतला दीजिए कि रिजर्वेशन और प्रमोशन दोनों रहेंगे? **(व्यवधान)** आपका चिता है लेकिन क्या आप हमें स्पेसिफिक तरीके से नहीं बतलाइयेगा? अगर यह नहीं बतलाइयेगा तो यह दूसरे तरीके से आपका बढेगा।

MR SPEAKER: It is with the consent of all the parties it has come out.

श्री राम विलास पासवान : हम तो यह चाहते हैं कि आपकी रिजर्वेशन की पालिसी तो है लेकिन प्रमोशन की पालिसी आपकी क्या है? **(व्यवधान)** अगर शकरानन्दजी इस से आप संटिस्फाई हैं तो हमको कुछ नहीं कहना है।

MR SPEAKER: Do those hon Members, who have moved their amendments, want to withdraw them?

SHRI BHERAVADAN K GADHAVI: Sir, I do not want to press my amendment No 1

SHRI NAVIN RAVANI: Sir, I do not want to press my amendment No. 2

SHRI SURAJ BHAN: Sir, I do not want to press my amendment No 4.

MR. SPEAKER: Have the hon

[Mr. Speaker]

Members the leave of the House to withdraw their amendments?

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

MR. SPEAKER: All right.

Amendments Nos. 1, 2 and 4 were, by leave, withdrawn.

MR. SPEAKER: I shall now put the Government amendment moved by Shri Zail Singh, to the vote of the House, the question is:

"That in the Motion,—

after "expresses its concern"

for "at the situation arising out of the agitation and violent demonstrations against reservation of jobs for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Gujarat, Rajasthan and other parts of the country"

Substitute:—

"and anguish over the situation prevailing in Gujarat over the reservation issue. It reiterates its firm commitment to the national policy on reservations as enshrined in the Constitution. The reported incidents of violence destructions of property and atrocities against Scheduled Castes and Scheduled Tribes are against our very culture and go contrary to the principle of non-violence which the Father of the Nation preached and for which he has sacrificed his life. To uphold our tradition, it is the primary duty of every citizen to strive for restoration of peace and normalcy and make united efforts a the national level."

SHRI INDRAJIT GUPTA: Let us stand up and adopt it.

MR. SPEAKER: It is unanimously passed, by standing up.

The motion was adopted.

MR. SPEAKER: I will now put the main motion, as amended, to the vote of the House. The question is:

"That this House expresses its concern and anguish over the situation prevailing in Gujarat over the reservation issue. It reiterates its firm commitment to the national policy on reservations as enshrined in the Constitution. The reported incidents of violence, destruction of property and atrocities against Scheduled Castes and Scheduled Tribes are against our very culture and go contrary to the principle of non-violence which the Father of the Nation preached and for which he has sacrificed his life. To uphold our tradition, it is the primary duty of every citizen to strive for restoration of peace and normalcy and make united effors at the national level."

The motion was adopted

21.27 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, March 19, 1981/Phalguna 28, 1092 (Saka).

©MGIPMRND—L—71LS—27-6-81— 890